52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 7.5 °C | अधिकतम 18.0 °C

**अमृतवाणी**
साहस का अर्थ यह नहीं होता कि आप डरते नहीं हैं। साहस का अर्थ यह होता है कि आप डर की वजह से रुकते नहीं हैं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:11 सूर्यास्त-5:26 | वर्ष : 52/ अंक : 355 | मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

रावण और कंस की तरह भाजपा का अंत होगा : अखिलेश यादव



और जिनका अंत हो रहा है या हो गया है उन्हें कौन सा राक्षस कहेंगे ?....

# लद्दावाला में जय श्री राम के नारों की गूंज, मुस्लिमों ने बरसाए गुलाब के फूल

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** लद्दावाला में मिले 54 साल पुराने मंदिर में पूर्व घोषणा के अनुसार पहुंचकर यशवीर महाराज ने हवन, यज्ञ एवं शुद्धिकरण के कार्यक्रम को अंजाम दिया। इस दौरान विभिन्न हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में वहां मौजूद रहे। शांतिपूर्ण ढंग से जय श्री राम के नारों की गूंज के बीच हवन, यज्ञ एवं आरती का आयोजन सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। ना कोई गहमा-गहमी, न तनाव न किसी प्रकार की कोई नोक झोंक। कार्यक्रम समापन के बाद यशवीर महाराज ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि 54 साल पुराने इस मंदिर में आज वर्ष 1991 के बाद कोई हवन, यज्ञ अथवा पूजा अर्चना हो सकती है। मीडिया ने जब सवाल किये कि मुस्लिम क्षेत्र में हिन्दू मंदिर का मिलना कैसा महसूस करा रहा है तो उन्होंने कहा कि ये मुस्लिम भाई भी अपने ही बिछड़े हुए भाई हैं, यदि ये अपने पूर्वजों के नाम टिटौलेंगे तो वे सनातनी ही निकलेंगे। उन्होंने मुस्लिमों का आभार व्यक्त किया कि आज भी उनके बीच हिन्दू मंदिर सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आ हिन्दुओं के सिर पर फूल बरसाए गए हैं, यही परम्परा जीवित रहनी चाहिए। हम ईश्वर से कामना करेंगे कि अब किसी मुस्लिम के हाथ में पत्थर न हों। उनके हाथों में इसी तरह से फूल ही फूल दिखाई दें। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंदिर के पुनः जीर्णोद्धार और पूजा पाठ की व्यवस्था का इंतजाम अगले दो चार दिन में हिन्दू संगठनों की मीटिंग के साथ किया जाना है। अगली सूचना जो भी होगी वह जल्द ही मीडिया के माध्यम से दे दी जाएगी।

## जमीन से लेकर छतों तक जवानों ने की निगरानी






**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** लद्दावाला में 54 वर्ष पुराने मंदिर के शुद्धिकरण के कार्यक्रम की चिंता पुलिस प्रशासन को पहले से ही दिखाई पड़ रही थी। पहले यह कार्यक्रम 22 दिसम्बर के लिए तय था, मगर पीसीएस परीक्षा के चलते वहां फोर्स तैनात करने में दिक्कत का सामना करना पड़ता, इसलिए प्रशासन ने यशवीर महाराज से आग्रह कर इसे आज 23 तारीख में परिवर्तित करा दिया था। दिन निकलते ही प्रशासन पुलिस फोर्स वहां गली के चप्पे-चप्पे पर तैनात दिखाई दी। सिर्फ जमीन पर ही नहीं जिस गली में मंदिर था उस गली की छत से लेकर लद्दावाला चौराहे तक छतों पर चप्पे-चप्पे पर जवानों की निगरानी दिखाई दी। सबको पहले से ही समझा दिया गया कि किसी भी तरह की आपत्तिजनक

शेष - पृष्ठ-4 पर










## कुछ देर के लिए रखवाया गया बाजार बंद



**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** एहतियात के तौर पर प्रशासन द्वारा मंदिर वाली गली से लेकर लद्दावाला के नाले तक का बाजार उस समय तक के लिए बंद रखा गया जब तक मंदिर में पूजा अर्चना सम्पन्न नहीं हुई। पूजा अर्चना सम्पन्न होने के बाद बाजार को खुलवा दिया गया। शांतिपूर्ण ढंग से सब कुछ सम्पन्न होने के बाद प्रशासन के साथ साथ दोनों ओर के लोगों ने चैन की सांस ली और लगभग 12 बजे पूरा बाजार खोल दिया गया।

## एक माइक पर दिखे महात्मा और मुल्ला

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** एक ओर जहां यशवीर महाराज ने मीडिया के माध्यम से मुस्लिम लोगों का आभार व्यक्त किया वहीं उसी माइक से वहां मौजूद बुजुर्ग मुल्लाओं ने मौहब्बत की बात कही। सभासद नदीम खान व लद्दावाला वार्ड सभासद शौकत अंसारी ने कहा कि वे तो मौहब्बत के फूल लेकर खड़े हैं। पूरी गली को खूबसूरत ढंग से सजवाया गया हे और उन्हें पूजा अर्चना करने में किसी तरह की कोई तकलीफ नहीं है। उन्होंने खुशी खुशी गली को सजवाया और फूल हाथों में लिए हुए खड़े हैं। उनका कहना था कि हमें देश में सौहार्द्र चाहिए चाहे वह किसी भी शर्त पर क्यों न कायम हो पाए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दहशत नहीं थी कि कल क्या होगा? क्योंकि पहले से ही उन्होंने हिन्दुओं के स्वागत के लिए तैयारी कर ली थी।





## पुलिस प्रशासन के कुशल प्रबंधन से छतों से बरसे फूल

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** लद्दावाला में मंदिर के शुद्धिकरण से पहले तरह तरह की चर्चाएं और दहशत व्याप्त थी, मगर पुलिस प्रशासन का प्रबंधन काबिले तारीफ था। जहां चप्पे-चप्पे पर फोर्स तो मुस्तैद थी ही वहीं छतों से फूल बरसने का नजारा वास्तव में सौहार्द्र की मिसाल कायम कर रहा था। इसके साथ ही रंग बिरंगी झालरों से भी मंदिर की पूरी गली को सजाया गया। स्वयं यशवीर महाराज ही नहीं हिन्दू संगठनों को भी खुद विश्वास नहीं हुआ कि कभी पत्थर बरसाने वाले मुस्लिम आज उनके ऊपर गुलाब के फूलों से वर्षा करेंगे। और वास्तव में इस सौहार्द्र के पीछे प्रशासन का प्रबंधन था और यह फूल किसी एक घर से ही नहीं बल्कि सैंकड़ों की छतों और छज्जों पर बैठकर जमकर फूल बरसाए गए। सोचने वाली बात यह है कि प्रशासन ने किस तरह से मुस्लिम भाईयों से सहमति बनवाकर फूल बरसवाए वह वास्तव में काबिले तारीफ है और प्रशासन के इस मैनेजमेंट की चारों ओर भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है।



## सुनील दर्शन व सुधीर खटीक के यहां किया यशवीर महाराज ने जलपान

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** कार्यक्रम के समापन के बाद हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं में जोश भरा दिखाई दिया। ऐसे में यशवीर महाराज के नाश्ते की व्यवस्था भी हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों के निवास पर की गयी। संगठन से जुड़े सुनील दर्शन के यहां पर यशवीर महाराज ने फलाहार लिया उसके बाद वे सुधीर खटीक के निवास पर पहुंचे जहां उन्होंने जलपान ग्रहण किया।



## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी, 11 नमूने जब्त

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने क्रिसमस पर्व को लेकर पेस्ट्री, केक एवं बेकरी पर बनने वाले अन्य खाद्य पदार्थ को लेकर सोमवार को अभियान चलाया। इस बीच टीम ने 11 नमूने जब्त करते हुए प्रयोगशाला भेजे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की सहायक आयुक्त अर्चना धीरान के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवकुमार मिश्र व टीम निरीक्षकों ने गांधीनगर स्थित डेली बैली बेकर्स पर छापेमारी की। इस बीच पेस्ट्री व चॉकलेट केक का एक-एक नमूना लिया। इसके बाद नई मंडी स्थित नवरंग बेकर्स से पेप्सीकल लॉलीपॉप, केक एवं ब्लैक फॉरेस्ट पेस्ट्री का नमूना जब्त किया। बाद में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन की टीम ने खतौली में श्री राम बेकरी से स्ट्रॉबेरी केक का एक नमूना भरा। सैनी नगर में संचालित रिया बेकरी पर टीम पहुंची। निरीक्षण करते हुए केक व केक रस्क का एक-एक नमूना जब्त किया। वहीं होली चौक से प्रदीप कुमार के प्रतिष्ठान से भैंस के दूध का एक नमूना भरा तथा किसान डेरी से पनीर का एक नमूना एवं बुढ़ाना से गाय के दूध का एक नमूना संग्रहित किया। सहायक आयुक्त अर्चना धीरान ने बताया कि सोमवार को कुल 11 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए जब्त कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला वाराणसी को भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा, विशाल, मनोज कुमार व सुनील कुमार मौजूद रहे।

## हरिद्वार से गंगा स्नान कर आ रहे दो युवक गंगनहर में गिरे, एक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** रविवार देर रात उस समय एक युवक की मौत हो गयी जब दो युवक एक बाइक पर सवार होकर हरिद्वार से वापस मेरठ लौट रहे थे। किसी कारणवश उनकी बाइक भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी गंगनहर झाल में जा गिरी। जैसे ही बाइक गंगनहर में गिरी तो किसी तरह हौसला कर बाइक चला रहे जोनी पुत्र रगबीर ने डूबते-डूबते शोर मचा दिया। जोनी की आवाज वहां तैनात पुलिसकर्मी ने सुनी तो तुरन्त नहर की ओर दौड़े और जोनी को बाहर निकाल दिया जबकि दूसरे युवक विकास को बाहर निकाला तो वह बेहोशी की हालत में नजर आया। पुलिस दोनों को सीएचसी ले गयी जहां पर डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया जबकि जोनी का उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि दोनों युवक मेरठ जिले के परिक्षितगढ़ के निवासी थे।





## मिथलेश ने बयां की मौहल्ला खाली होने की कहानी

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** वर्ष 1990 के दौरान लद्दावाला की शिव मंदिर वाली गली में रहने वाली मिथलेश ने मीडिया के सामने मौहल्ला खाली होने की पूरी कहानी बयां की। वृद्ध मिथलेश ने यह भी बताया कि मंदिर पर किस-किस स्थान पर क्या-क्या लगा हुआ था। 1990 में मंदिर की दीवार से सटे घर में रहने वाली मिथलेश पाल आज इस मंदिर में पहुंचकर गदगद दिखाई दी। जब उनसे पूछा कि वे उस समय ये मौहल्ला छोड़कर क्यों चली गई थी, तो मिथलेश ने कहा कि उस समय सपा का शासन था और दंगों का दौर शुरू हो चुका था और अब 54 साल बाद योगी के शासन में इस मंदिर का उद्धार होने की उम्मीद जगी है, क्योंकि अपना पुराना मकाना इंसान कभी नहीं भूलता इसलिए वे अपने पुराने मकान और इस शिव मंदिर को देखने के लिए उत्साहित थी। उन्होंने बताया कि शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा के अतिरिक्त भी अन्य प्रतिमाएं मौजूद थीं। जैसे-जैसे हिंदू पलायन करते चले गये, उक्त प्रतिमाएं भी अपने साथ ले गये और धीरे-धीरे पूरा मौहल्ला खाली होता चला गया फिर एक दिन उन्हें भी यहां से पलायन करना पड़ा।



## दबंगों ने सौ साल पुराने पीर को ढहाया

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र से एक वीडियो सामने आया। उक्त वीडियो में दबंगों द्वारा उक्त पीर को ढहा दिया गया है। बताया जाता है कि उक्त पीर पर हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्म के लोग पूजा किया करते थे। क्षेत्र के ही मोहित त्यागी ने बताया कि इस पीर के पीछे कुछ भू माफियाओं की जमीन है, ऐसे में निजी स्वार्थ के चलते अपनी जमीन को अधिक उपयोगी और महंगी बनाने के लिए भू माफियाओं द्वारा ही उक्त पीर को तोड़ा गया है। मोहित त्यागी का कहना था कि अधिकांश इस पीर पर होली और दीपावली के अवसर पर हिंदू समाज के लोग जाकर पूजा कर लिया करते थे और उक्त पीर ढहाने वालों में मुस्लिम भू माफियाओं के नाम शामिल हैं, जिसमें पुलिस तहरीर में बुढ़ाना के ही अवनीश चौधरी की ओर से गुलजारूदीन व अमीर जिया पुत्र जियालुदीन के नाम तहरीर दी गई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस पीर के तोड़े जाने से दोनों समुदाय के लोगों के दिलों को ठेस पहुंची है, ऐसे में पुलिस को इस मामले में तुरंत एक्शन लेना होगा, जिससे क्षेत्र का सौहार्द्र कायम रह सके। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी थी और पूरे मामले की जांच कर भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की तैयारी कर रही थी।



## युवक ने आत्महत्या कर मौत को गले लगाया

**बुढाना, 23 दिसम्बर (बु.)।** एक युवक ने कर्जदारों से तंग आकर अपने ही घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए ही गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी 25 वर्षीय जितेंद्र जांगिड़ ने गांव के ही एक सूदखोर से किसी को कुछ रुपए ब्याज पर दिलवाए थे और खुद भी ब्याज पर रुपए ले रखे थे। बताया जाता कि सूदखोर को जितेंद्र ने काफी रुपये दे दिए थे। उसके बाद भी सूदखोर उस पर अपने रुपये और भी अधिक बता रहा था और उसने जिसको अपनी गारंटी पर रुपये दिलवाए थे, वो भी सूदखोर को रुपये नहीं दे रहा था। तब रुपए ना मिलने पर सूदखोर बीती देर रात जितेंद्र के घर पहुंचा और उसको भला बुरा कहा। उसके जाने के बाद जितेन्द्र परेशान हो गया। आज सोमवार की सुबह जब जितेंद्र अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन कमरे के अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गये। जितेंद्र अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। तब चीख पुकार मच गयी। परिजनों ने कुछ देर बाद पुलिस को बिन सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक जितेंद्र बढ़ई का काम करता था और अविवाहित था।

# हथियारबंद बदमाशों ने घर में लूटपाट की

## ▶ परिवार को बंधक बनाकर पीटा ▶ नकदी और जेवर लेकर फरार

**चरथावल, 23 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिरालसी स्थित बंगालियों के डेरे में आधी रात के बाद चार बदमाशों ने लाठी-डंडे एवम धारधार हथियारो के बल पर आतंकित करते हुए तीन परिवार की महिला एवं पुरुषों को एक स्थान पर बंधक बनाकर मकान का ताला तोड़कर हजारों की नगदी व मकान में रखे हजारों रुपयों के चांदी के जेवरात लूट लिए। सूचना पाकर चरथावल थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी सदर ने घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी ली।

चरथावल थाना क्षेत्र के गाँव बिरालसी में बंगालियों का पुराना डेरा है, जिनमें से कुछ परिवार अपने मकानों के ताले लगाकर बाहर मजदूरी के लिए गए हुए हैं। बाकी डेरे में रह रहे तीन परिवार सभी बन्द मकानों की देखरेख करते हैं। रविवार की रात्रि बारह बजे धारदार हथियारों से लैस चार बदमाशों ने डेरे में धावा बोलकर वहां पर सो रहे राजवीर पुत्र सूरज, चांदनी पत्नी बिरह्मा, कमलेश व कैलाशो को एक स्थान पर बंधक बना लिया और उनसे मकानों में लगे तालों की चाबियां मांगी। चाबियां न देने पर उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई और धारदार हथियारों से मार देने की धमकी देते हुए नकदी व जेवरात देने को कहा। बदमाशों द्वारा की गई मारपीट में राजबीर घायल हो गया। चाबी न मिलने पर बदमाश गज्जू के मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और सामान को खुर्दबुर्द कर दिया। राजबीर ने बताया कि मकान में रखे चौतीस हजार रुपये व जेवरात एवम चांदनी, कमलेश व कैलाशो के घर में रखे 20 हजार रुपये व लड़की के रखे चांदी के जेवरात बदमाश ले गए है। यही नहीं बदमाशों ने बंगालियों के पड़ोसी अपने पशुओं की रखवाली कर रहे सुशील नामक युवक को भी बंधक बनाकर डाल दिया। सूचना पाकर सीओ सदर राजू कुमार साव व चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह घटना स्थल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने घायल राजबीर का मेडिकल कराया। सीओ सदर का कहना है कि परिवार के साथ लूटपाट की घटना नहीं हुई है। केवल बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित द्वारा दी गयी तहरीर के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।







## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 23 दिसंबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 24 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-1294-पोप बोनिफेस अष्टम ने पोप सेलेस्टाइन वी के इस्तीफे के बाद इस्तीफा दिया। 1777-कैप्टन जेम्स कुक ने किरिटीमाटी (क्रिसमस द्वीप) की खोज की। 1524-यूरोप से भारत तक पहुँचने के समुद्री मार्ग का पता लगाने वाले पुर्तगाली खोजी नाविक वास्को डी गामा का कोच्ची (भारत) में निधन हो गया। 1814-गेन्ट की प्यास ने 1812 के युद्ध को समाप्त किया। 1851-लायब्रेरी ऑफ कॉंग्रेसला में आग लगा दी गई। 1865-कू क्लक्स क्लान, दक्षिण में अमेरिकी जनरलों द्वारा स्थापित एक नस्लवादी संगठन। 1894-कलकत्ता में पहले मेडिकल कांफ्रेस का आयोजन हुआ था। 1889-भारत में पहला मनोरंजन पार्क एशेल वाल्ड मुम्बई में खोला गया। 1910-स्वातंत्र्यवीर सावरकर को आजीवन कारावास और काला पानी की सजा हुई। 1921-नोबेल पुरस्कार विजेता रविन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। 1924-क्रोयडोन लंदन की एयर फील्ड में हुई विमान दुर्घटना में 8 लोगों की मृत्यु हो गई। 1924-अल्बानिया गणतंत्र बना। 1936-पहली बार जॉन लॉरेन्स ने रेडियोएक्टिव आईसोटोप दवाई का प्रयोग मरीज पर किया। 1941-द्वितीय विश्व युद्धः जापान ने कुचिंग और हांगकांग पर विजय प्राप्त की। 1946-चौथा फ्रांसीसी गणराज्य स्थापित हुआ। 1951-लीबिया ने इदरीस के पहले सम्राट के रूप में इटली से स्वतंत्रता प्राप्त की। 1953-न्यूजीलैंड में एक विशाल लहर और कीचड़ धंसने से एक रेलवे पुल गिर गया। उस पर कार गिरने से 153 की मौत हो गई थी। 1966-दक्षिण वियतनाम के एक छोटे से गाँव में अमेरिकी सेना द्वारा चार्टर्ड एक कनाडेयर विमान दुर्घटनाग्रस्त। 129 मारे गए। 1968-अपोलो 8 अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले पहले इंसान बने। 1979-आर्यन लांचर का पहला प्रक्षेपण। 1986-भारत में संसद द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया गया। इसलिए भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रिए उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1999- इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 814 को तालिबान आतंकवादियों ने अगवा कर लिया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1500, रसकट ढैया 1230-1255, चाकू 1450-1691, लड्डू 1500-1635, खुरपापाड़ 1450-1460, शक्कर मसाला 1600-1627। आमद- 8000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78450 | चांदी- | 90250 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58690 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 24 दिसम्बर, 2024

**मेष-** व्यावसायिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान, दूर या समीप की यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, विरोधी पराभूत।

**वृषभ-** नवयोजना साकार होने की ओर, प्रतियोगिता में सफलता, सुसंदेश की प्राप्ति, पक्ष से सुख, जनकल्याण की ओर प्रवृत्ति, उपहार एवं सम्मान का लाभ।

**मिथुन-** कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष के प्रति चिन्तित, व्यवहार में जरा सी लापरवाही से नुकसान, आत्मीयजनों से वैमनस्यता, शत्रु सक्रिय, पत्नी के स्वास्थ्य में व्यवधान।

**कर्क-** परिस्थितियां अनुकूल, अभिलाषा की पूर्ति, भौतिक सुख सुविधा के निमित्त व्यय, दूसरों के आश्वासन से मानसिक राहत अकल्पित लाभ।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, स्वविवेक से कार्यों में उन्नति, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, पारिवारिक मतभेद समाप्त, सम्भावित यात्रा का कार्यक्रम।

**कन्या-** व्यापारिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन की दिशा में प्रयास, कर्ज की निवृत्ति, भौतिक सुख, जीवन साथी से सामंजस्य, विवादास्पद मसला होने की ओर।

**तुला-** समय निराशाजनक, पारिवारिक उलझनें प्रभावी, स्वजनों से विवाद की आशंका, आपसी सम्बन्धों में कटुता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, प्रतियोगिता में असफलता।

**वृश्चिक-** स्वास्थ्य में सुधार, समस्या विशेष के समाधान में स्वनिर्णय हितकर, वैवाहिक अड़चनों का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा संतोषजनक।

**धनु-** शारीरिक सुख, कार्य व्यवसाय में सफलता, जटिल समस्या के समाधान में स्वनिर्णय हितकर, वैवाहिक जीवन सुखद, महत्वपूर्ण घटना घटित।

**मकर-** आर्थिक उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, व्यक्तित्व का विकास, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, बकाए धन की प्राप्ति।

**कुम्भ-** ग्रहयोग प्रतिकूल, संकल्प-विकल्प से कार्यों में असफलता, जरा-जरा सी बात पर क्रोध, वैवाहिक जीवन में मनमुटाव, घरेलू सुख में दिक्कतें, धन हानि भी।

**मीन-** कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजकीय पक्ष से अनुकूलता, विवाद के समापन हेतु सहयोगियों से विचार-विमर्श, हर्ष भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# चरण सिंह की जयंती पर अन्नदाताओं को किया गया सम्मानित

## नुमाईश मैदान में कृषि मेले के बूते किसान सम्मान दिवस का आयोजन, किसानों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह के जन्मदिवस यानि किसान सम्मान दिवस पर कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण योजनान्तर्गत कृषक मेला व गोष्ठी का आयोजन नुमाईश पंडाल में किया गया, जिसमें कृषि व उससे संबंधित समस्त सहयोगी विभागों द्वारा अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गयी। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि से जुड़े विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों द्वारा चलायी जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस बीच कृषकों की कृषि से जुड़ी समस्याओं का निदान किया गया।

नुमाईश ग्राउंड में आयोजित कृषि मेले एवं गोष्ठी का मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, डीएम उमेश मिश्रा द्वारा मेले का अवलोकन करते हुए दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उप कृषि निदेशक ने विभाग की ओर से संचालित योजनओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह के जन्म दिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाने के साथ इस दौरान कृषि से सम्बन्धित विभागों के विभिन्न क्षेत्रों में जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले



किसानों को सम्मानित किया जाता है।उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि आत्मा योजना द्वारा कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित क्षेत्र में जनपद स्तर पर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त करने वाले किसानों को 7 हजार एवं द्वितीय पुरुस्कार के रूप में 5 हजार एवं ब्लॉक स्तर पर अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषक को 2 हजार रुपए पुरुस्कार की धनराशि देने का प्रावधान है। मुख्य अतिथि डॉ. वीरपाल निर्वाल, अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो। कृषि क्षेत्र में पुरुस्कार प्राप्त करने वाले कृषकों से आह्वान किया कि वे अपनी अधिक उत्पादन करने वाली तकनीक का अन्य कृषकों में भी प्रचार-प्रसार करें, ताकि अन्य कृषक भी उस उत्पादन तकनीकी को अपनाकर अधिक लाभ प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित हो सके। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने सभी किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक प्रतिभाग करें तथा विभागीय अफसरों एवं वैज्ञानिकों द्वारा उत्पादन तकनीक अपनाकर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करें। डीएम उमेश मिश्रा ने भारी संख्या में किसानों की उपस्थिति पर प्रशंसा करते हुए उन्हें जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि कृषि निवेश को जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए मार्किट लिंकिज कराया जाये। किसान सम्मान दिवस पर कृषि के जनपद स्तर पर 4 प्रथम एवं 4 द्वितीय पुरुस्कार के साथ विकास खंड स्तर पर 09 कृषकों को, उद्यान विभाग से जनपद स्तर पर 3 कृषक, पशुपालन विभाग से 3 प्रथम, 3 द्वितीय एवं विकास खंड स्तर पर 9 कृषकों को शॉल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान ब्लॉक स्तर पर ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित फार्म मशीनरी बैंक के लाभार्थी कृषकों को यंत्र एवं ट्रेक्टर की चाबी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभागों के साथ-कृषि निवेश आपूर्तिकर्ता, कृषक उत्पादक संगठन के उत्पाद एवं जैविक उत्पाद से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यान अधिकारी, सहायक निबन्धक सहकारी समिति, जिला कृषि अधिकारी, आत्मा प्रभारी के साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आज नगर में आ रही राज्य महिला आयोग की सदस्य, डाक बंगले पर सुनेंगी समस्याएं

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ के द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिए जाने के साथ आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत डीएम द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एसएसपी या उनकी ओर से नामित पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला जनसुनवाई की प्रकरणों की समीक्षा एवं महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ऐसे में यदि जनपद की किसी भी पीड़ित महिला या बालिकाओं को कोई समस्या है, तो सदस्य सपना कश्यप, उ० प्र० राज्य महिला आयोग के समक्ष मंगलवार 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले मुजफ्फरनगर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को रख सकते है।

## एसडी पब्लिक स्कूल ने पूर्व छात्रा तान्या वर्मा को उपलब्धि पर दी बधाई

### तान्या के परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड में चयनित होने पर विद्यालय में उल्लास का माहौल



**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा तान्या वर्मा जिसने सन् 2013 में सफलतापूर्वक अपनी शिक्षा पूरी की थी उसने अपनी मेहनत और लगन से परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया, जो जनपद के लिए बड़े गर्व की बात है। तान्या वर्मा की इस सफलता पर हर्ष विभोर होकर विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सैना ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि तान्या ने इस प्रतिष्ठित संस्थान में चयनित होकर अपनी दक्षता प्रमाणित की, जो उसकी कड़ी मेहनत समर्पण और अद्वितीय कौशल का परिणाम है। तान्या वर्मा ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बताया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। विद्यालय परिवार इस अभूतपूर्व सफलता के लिए तान्या वर्मा को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है। हम आशा करते है कि वह अपने उत्कृष्ट कार्यों से देश की प्रगति में योगदान करती रहेंगी।

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन न होने पर कंपनी को भेजा नोटिस

### छह दिनों की हड़ताल के बाद पटरी पर लौटी सफाई व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में पालिका की तय शर्तों के अनुरूप डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य न होने पर पालिका ईओ ने कम्पनी के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने कम्पनी को कार्य शैली में सुधार करने के लिए चेतावनी नोटिस भेजा है। वहीं दिल्ली की कम्पनी के असंतोषजनकपूर्ण कार्य को लेकर सभासद और नगरवासियों में काफी रोष व्याप्त है। नगरपालिका परिषद में कूड़े की समस्या का स्थाई निदान करने को लेकर पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की महत्वाकांक्षी योजना परवान चढ़ती दिखाई नहीं दे रही है। बीते 17 फरवरी में तय शर्तों के बीच डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं कूडा डलाव घर समाप्त किए जाने की योजना की खातिर पालिका प्रशासन ने 92 लाख रुपए प्रतिमाह खर्च कर, दिल्ली की कंपनी को ठेका दिया था। कंपनी शुरूआती दौर में तेजी से आगे बढ़ी तो उसकी ओर हर किसी ने हाथ बढ़ाने का ही काम किया, लेकिन समय के साथ उक्त कंपनी प्रगति करने के बजाए बैक होती चली गई। बीते दिनों छह दिनों की हड़ताल के बाद कंपनी कार्य पटरी पर आ नहीं पाया। इस बीच कई इलाकों में जहां फिर से स्थानीय रेहड़ा सफाई कर्मी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहे, स्थानीय लोगों का सहयोग न मिल पाने से कंपनी अपने काम को पूरा करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। ईओ डा. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि 20 से 22 दिसम्बर तक क्षेत्र में डोर टू कूड़ा कलेक्शन ही नहीं किया गया। 22 दिसम्बर को नगर स्वास्थ्य अधिकारी की मध्यक्षता के बाद मात्र 6 वार्डों में ही कूड़ा उठाने के लिए गाड़ियां पहुंची हैं। वहां भी आधा-अधूरा ही कंपनी के कर्मचारियों से कूड़ा कलेक्शन कार्य किया गया। इस कार्यशैली से लोग परेशान हैं, वहीं सभासदों में भी रोष व्याप्त है। कंपनी द्वारा कूडा कलेक्शन, प्रबंधन व यूजर चार्ज के कार्य में असंतोषजनक अव्यवस्था की स्थिति बनी है। उन्होंने बताया कि अनुबंध की तय शर्त संख्या-12 में स्पष्ट रूप से अंकित है कि कम्पनी अपने अधीनस्थ श्रमिकों का भुगतान हर माह की 7 तारीख तक उनके बैंक खातों में अनिवार्य रूप से किया जाएगा। चाहे पालिका से भुगतान हुआ हो या नहीं। समस्त जिम्मेदारी प्रथम पक्ष (फर्म) की होगी, लेकिन फर्म द्वारा लगातार अपने वाहन चालकों व श्रमिकों के वेतन भुगतान में विलम्ब किया जा रहा है, जिस कारण हड़ताल की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। उन्होंने बताया कि अनुबन्ध की निर्धारित शर्तों का फर्म द्वारा पालन न किये जाने के दृष्टिगत यदि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

## अदाणी समूह ने एविएशन सेक्टर में बढ़ाया कदम

**नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** अदाणी समूह ने सोमवार को भारत की सबसे बड़ी निजी विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सेवा फर्म एयर वर्क्स के अधिग्रहण का एलान किया। यह अधिग्रहण 400 करोड़ रुपये के मूल्य पर किया गया। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के माध्यम से निष्पादित इस सौदे के रिए कंपनी में 85.8% शेयर हिस्सेदारी हासिल की गई है। 35 शहरों में परिचालन और 1,300 से अधिक पेशेवरों के कार्यबल के साथ एयर वर्क्स के पास फिक्स्ड-विंग और रोटरी-विंग विमानों की सर्विसिंग में विशेषज्ञता है। यह अधिग्रहण नागरिक और रक्षा विमानन क्षेत्रों में अदाणी समूह की क्षमता का विस्तार करेगा। एयर वर्क्स भारतीय और वैश्विक दोनों ग्राहकों के लिए लाइन रखरखाव, भारी जांच, एवियोनिक्स, विमान पेंटिंग, आंतरिक नवीनीकरण और पुनः डिलीवरी जांच सहित व्यापक विमानन सेवाएं प्रदान करता है।

## डीएम ने पढ़ाया अफसरों को सुशासन सप्ताह में सफलता का पाठ

### राष्ट्र को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान करने का किया गया आह्वान




**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** विकास भवन के सभागार में सोमवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से विभाग वार सरकार की योजनाओं की जानकारी व उनके विस्तारीकरण को दिखाया। इस बीच सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, औद्योगिक क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण, रोजगार के साथ ही विद्युतीकरण, भौगोलिक एवं प्रशासनिक संरचना, खेल,आईटी और ई-गवर्नेंस भारतीय स्वतंत्रता के 100 वर्ष कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा आदि रीजन पर विस्तार से चर्चा की गई। विकास भवन सभागार में संपन्न बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि एक बेहतर समाज-एक बेहतर राष्ट्र तभी बन सकता है, जब हम सब मिल जुलकर कार्य करें। ऐसे में हमें जो दायित्व दिए गए हैं, उन दायित्वों का सही निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, कोई भी पात्र व्यक्ति संबंधित योजना से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पर ध्यान देते हुए कार्य योजना बनाते हुए उस व्यक्ति को योजना का लाभ देते हुए उसे लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जो आठ सिद्धांत हैं, उन पर हमें अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करते हुए कार्य करें और अपने राष्ट्र को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। इस बीच डीएम ने सेवानिवृत्त कर्नल राजीव चौहान, सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह, प्रधानाचार्य जगत पाल शर्मा आदि लोगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संदीप भगिया, अपर जिला अधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बुढ़ाना में भारत रत्न चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**बुढ़ाना, 23 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे पर सोमवार के दिन चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समझ दरा बिछाकर कस्बे व क्षेत्र के सैंकड़ों गणमान्य लोगों के द्वारा यज्ञ हवन कर आहुतियां दी गयी और चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर बारी बारी से माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। यहां पर बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सुबोध त्यागी और बुढ़ाना ब्लाक की प्रमुख के प्रतिनिधि जितेंद्र मलिक ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर सन् को हुआ था। वह भारत के किसान राजनेता एवं पांचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने यह पद 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक संभाला था। चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया। इसी वर्ष फरवरी में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा केंद्र सरकार के द्वारा की गयी थी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान, सुरेंद्र पप्पन, शकुल सहरावत, सुरेंद्र सहरावत, भाजपा नेता रामकुमार सहरावत, बाल किशोर त्यागी, संयम पंवार, गांव चंधेडी के प्रधान पुरुषोत्तम और भाकियू ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रही।

## एसडी कॉमर्स में फ्रेशर पार्टी का आयोजन, आशीष मिस्टर और आयुषि मिस फ्रैशर बने



**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में बीएफए पाठ्यक्रम में नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी 2024-25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल व डॉ. नवनीत वर्मा (डीन) शिक्षक एवं शिक्षिकाओं आदि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियां की गई, जिनमें आयुषी, देव सैनी, अर्शजहां, चांदनी, रिमझिम, कनिष्का, माधवी, मयंक, विकास, दिक्षित कुमार, आयुषी, आशीष, इशिका, नेहा, पूजा, हर्षिता, प्रेरणा, तनिषा, सलोनी, तुषा, शालू, तनिषा पाल, सिद्धि, राशिका, मुस्कान, निकुंज, खुशी देवी, आभा, खुशी रोहिला व राधिका आदि ने अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। निर्णायक की भूमिका में डॉ. नवनीत वर्मा व अनन्या शुक्ला रहे। संचालन प्राची गर्ग के निर्देशन में अफीफा मलिक व भारती पाल ने किया एवं मंच संचालन कुमार वैभव व दानिया अंसारी ने किया। आशीष पांचाल मि. फ्रेशर तथा आयुषी को मिस फ्रेशर व तनिषा को मिस चार्मिंग एवं देव सैनी को मिस्टर हैंडसम घोषित किया गया। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी छात्र-छात्राओं और महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सुनील कुमार, डॉ. आशीष गर्ग, अर्चना, कुमार वैभव, अंजली, प्राची गर्ग, दानिया अंसारी, अनन्या शुक्ला, कृष्ण कुमार, संकेत जैन, नितिन गोयल व आशिष पाल आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

## आरएसएस नेता पतेन्द्र जैन की शव यात्रा में उमड़े लोग, दी श्रद्धांजलि

**खतौली, 23 दिसम्बर (बु.)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व भाजपा नेता विख्यात वैद्य पतेन्द्र जैन का लम्बी बीमारी के दौरान निधन हो गया। उनकी शव यात्रा में भारी संख्या में नगर के लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सभासद व श्री कुन्द कुन्द जैन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक तथा व्यापारी नेता वैभव जैन के पिता 69 वर्षीय विख्यात वैद्य पतेन्द्र जैन विगत कई माह से बीमार चल रहे थे। उपचार के दौरान सोमवार की सुबह संघ व भाजपा नेता पतेन्द्र जैन का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर लोगों की भारी भीड़ जुटती दिखाई दी। दोपहर के समय स्व. पतेन्द्र जैन की शव यात्रा उनके मौहल्ला कानूनगोयान स्थित आवास से प्रारम्भ होकर मोक्ष धाम स्थल श्मशान घाट पहुंची जहां लोगों की भारी भीड़ की मौजूदगी में उनके वरिष्ठ पुत्र वैभव जैन द्वारा अंतिम संस्कार की रस्म अदा की गई। संघ व भाजपा नेता की शव यात्रा में श्री केके जैन इण्टर कॉलिज के प्रबंधक कामरेड राजीव जैन, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष व श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय के प्रबंधक मुकेश जैन एडवोकेट, सकल जैन समाज अध्यक्ष सुशील जैन, केके जैन कन्या विद्यालय प्रबंधक मनोज जैन, शशांक जैन, भाजपा नेता मदन छाबड़ा, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, विकास जैन, अमित जैन, सौरभ जैन सभासद, अजय भुर्जी सभासद, अमित त्यागी सभासद, राजकुमार जैन प्रवक्ता, नीरज जैन प्रवक्ता, दीपक जैन भैंसी, हितेश चन्द सर्राफ, व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजेश जैन, संजय जैन, मोक्ष धाम समिति संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, सुशील जैन सिल्लो, राजेन्द्र जैन, चुन्नु भाटिया सहित जैन शिक्षण संस्थाओं के पदाधिकारी शिक्षकगणों सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोग शामिल रहे। दूसरी ओर श्री कुन्द कुन्द जैन एसोसिएशन, केके जैन महाविद्यालय सहित इसकी अन्य शिक्षण संस्थाएं और अनेक जैन संस्थाओं द्वारा अपनी-अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये गये हैं।

## ढाई साल पहले मेरठ से अगवा जुनैद की थी सूटकेस में मिली लाश

**मेरठ, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र के तारापुरी से करीब ढाई वर्ष पूर्व अगवा बालक जुनेद की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव सूटकेस में रखकर गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस चौकी के पास फेंक दिया था। 17 दिसंबर को पुलिस को शव मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव को लावारिस में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। रविवार को गाजियाबाद पुलिस लिसाड़ी गेट पहुंची। पुलिस के फोटो दिखाने पर परिजनों जुनेद की शिनाख्त की। तारापुरी निवासी रियाजुद्दीन मजदूरी करता है। जुलाई 2022 में उनका पुत्र आठ वर्षीय जुनेद घर के पास खेल रहा था। तभी उसे अगवा कर लिया गया। परिजनों ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। परिजनों और पुलिस के काफी तलाश करने के बाद भी जुनेद का कोई सुराग नहीं मिला था। मंगलवार को गाजियाबाद के निवाड़ी क्षेत्र में गंगनहर की पटरी के पास लाल रंग का सूटकेस मिला। पुलिस ने सूटकेस खोलकर देखा तो उसमें बच्चे का शव था। उसके हाथ में प्लास्टर बंधा हुआ था।

## पूर्व प्रधानमंत्री को सपा ने याद करते हुए किया माल्यार्पण



**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री व किसान मसीहा चौ. चरण सिंह की जयंती पार्टी द्वारा किसान दिवस के रूप में मनाई गई। पार्टी कार्यालय पर संपन्न कार्यक्रम में किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने टाउनहाल प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेंद्र मलिक, जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एड. ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किसानों व कमजोरों का मसीहा बताते हुए कहा कि उनके संघर्ष से किसानों को देश में अधिकार व सम्मान मिला। आज किसानों की दशा सुधारने के लिए चौधरी चरण सिंह के बताए गए संघर्ष के मार्ग को अपनाकर किसानों के भविष्य की लड़ाई लड़नी होगी। कार्यकर्ताओं ने किसान हित में चौ. चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, प्रदेश सचिव इलम सिंह गुर्जर, विनय पाल सिंह, सतेंद्र सैनी, तहसीन मंसूरी, विकिल गोल्डी अहलावत, सोम पाल भाटी, धर्मेन्द्र नीटू, साजिद हसन, सलीम मलिक, कपिल मलिक, प्रवीन मलिक, यशपाल सिंह, सभासद अन्नू कुरैशी, शहजाद अहमद, हसीब राणा, जुनैद आलम आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारम्भ

**चरथावल, 23 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे के रोहाना मार्ग पर पर स्थित किड्स हैवन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रबंधक सत्य प्रकाश धीमान, संस्थापिका सुनीता धीमान, अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार व प्रधानाचार्य मनीष धीमान ने फीता काटकर एवं सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन शारीरिक शिक्षा शिक्षक हर्षित सैनी के मार्गदर्शन में मशाल जलाकर उद्घाटन कराते हुए चारों हाउस द्वारा मार्च पास्ट कराया गया, जिसका प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों, सभी अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्री-प्राइमरी और प्राइमरी वर्ग में बैलून रेस, लेमन रेस,बैलून बैलेंस रेस, हर्डल रेस कराई गई और इस अवसर पर अभिभावकगणों ने भी बच्चों के साथ बैलून बर्स्ट रेस में भाग लिया और सभी प्रतिभागियों के साथ आनंद महसूस किया। वहीं दूसरी और अचीवर हाउस और इनोवेटर हाउस के बीच में क्रिकेट का फाइनल मैच हुआ, जिसमें अचीवर हाउस ने नौ ओवर में 77 रन का लक्ष्य दिया। विपक्षी टीम इनोवेटर हाउस में अब्दाल ने सर्वाधिक 38 रनों की बेहतरीन पारी खेल कर मैच को टाई करा दिया। अचीवर हाउस में दक्ष ने तीन विकेट लिए, वहीं इनोवेटर



हाउस में विशांत ने चार विकेट लेते हुए अपनी टीम के लिए सर्वाधिक योगदान दिया। बैडमिंटन का एकल मुकाबला अलीशा अचीवर हाउस और रूमस मोटीवेटर हाउस के बीच हुआ, जिसमें रूमस मोटीवेटर हाउस ने 11, 9 से जीत हासिल की। बैडमिंटन का ही डबल मुकाबला भी अचीवर हाउस और मोटीवेटर हाउस के बीच खेला गया, जिसमें रूमस, अलीशा ने अलसबा, अवनी को 11, 08 से हराकर जीत हासिल की। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर किया शत शत नमन

**भोपा, 23 दिसम्बर (बु.)।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। रालोद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह अमर रहे के नारों के बीच चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया। सोमवार को रालोद की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बबीता राठी, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, ओमबीर सिंह, सुंदर गुर्जर, प्रबन्धक वरुण सहरावत, नीशू चौधरी, मास्टर इकबाल सिंह, फरमान,



विकास, निशांत, योगेश बालियान, देवेंद्र सिंह, राकेश, सहंसरपाल, बाबा सतबीर, एडीओ सोहनवीर सिंह, मास्टर प्रमोद चौधरी, नीरज राठी, तेजवीर राठी, विकास मुखिया, लवी छछरौली, पुनीत कुमार, गौरव, ललित सहरावत, सागर कुमार आदि के साथ रालोद व भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह अमर रहे के नारों के जयघोष के साथ पैदल मार्च करते हुए चौधरी चरणसिंह चौक पर पहुंचे और चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन किया।

## उद्धव और राज की भेंट पर सियासत तेज

**मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे एक शादी समारोह में एक साथ दिखे। वे मुंबई में अपने भांजे की शादी में पहुंचे थे। राज ठाकरे की बड़ी बहन जयवंती देशपांडे के बेटे यश देशपांडे की शादी में उद्धव ठाकरे के साथ उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। राजनीतिक रूप से अलग थलग पड़े दोनों भाइयों को साथ देखकर महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चा तेज हो गई है। इसे देखते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने उद्धव और राज ठाकरे के बीच राजनीतिक पुनर्मिलन का सुझाव देना जल्दबाजी है। संजय राउत ने पत्रकारों से कहा, "महाराष्ट्र का ठाकरे परिवार से गहरा लगाव है। अगर उद्धव और राज एकसाथ आते हैं तो महाराष्ट्र खुशहाल हो जाएगा। राज ठाकरे एक अलग पार्टी के प्रमुख हैं। उनके आदर्श प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस हैं। हमारे लिए वे महाराष्ट्र के दुश्मन हैं।

## पूर्व जज रामासुब्रमण्यन बने एनएचआरसी के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. रामासुब्रमण्यन को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही, प्रियांक कानूनगो और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिद्युत रंजन सारंगी को आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कानूनगो ने पुष्टि की कि उन्हें एनएचआरसी का सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके एनसीपीसीआर अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल के दौरान उन्होंने बच्चों के संरक्षण कानूनों और नीतियों पर फोकस किया था, खासकर उन मामलों में जहां बच्चों का यौन शोषण या उत्पीड़न होता था। उन्होंने कहा, अब एनएचआरसी के सदस्य के रूप में मैं अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की पूरी कोशिश करूंगा।

## संभल में मंदिर खुलने बाद सुबह और शाम आरती में भारी भीड़

**संभल, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** संभल में वर्षों बाद मंदिरों के कपाट खुलने की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। खग्गू सराय स्थित प्राचीन शिव मंदिर और सरायतरीन के मोहल्ला कछवायन स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने दर्शन करने के साथ ही पूजा की और प्रसाद वितरण किया। खग्गू सराय स्थित शिव मंदिर 1978 के दंगों के बाद बंद हो गया था। अब पुलिस प्रशासन के सहयोग से इस मंदिर के कपाट खोले गए हैं। इस मंदिर की देखभाल रस्तोगी समाज के लोग करते थे। 1978 में हुए दंगों के बाद रस्तोगी समाज के लोग इस इलाके से पलायन कर गए। इसलिए मंदिर की देखभाल नहीं हो सकी। मुस्लिम आबादी के बीच मंदिर होने के कारण पूजा पाठ भी बंद कर दिया था। अब सुरक्षा के लिए लिए पुलिसकर्मी तैनात हैं और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। वहीं दूसरी ओर सरायतरीन के मोहल्ला कछवायन में स्थित राधा कृष्ण मंदिर को भी 32 वर्ष बाद सैनी समाज के लोगों ने खोला है। चंदौसी के मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में बांकेबिहारी मंदिर के बाद कुछ ही दूरी पर खाली प्लॉट में दबी मिली 150 पुरानी बावड़ी की तलाश में दूसरे दिन रविवार को खोदाई शुरू की गई। अब तक हुई खोदाई में बावड़ी में चार कमरे निकले हैं। बावड़ी में सुरंग जैसा भी रास्ता है। बावड़ी की खुदाई सोमवार को जारी रही।

## भारतीय शेयर बाजार के हर चार नए निवेशक में एक महिला

**नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, हर चार 4 नए निवेशकों में से लगभग एक निवेशक महिला है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजारों में भागीदारी बढ़ने के साथ ही 2021 से हर साल लगभग तीन करोड़ नए डीमैट खाते खुले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, "2021 से, औसतन हर साल लगभग 30 मिलियन नए डीमैट खाते खुले हैं, उनमें लगभग हर 4 में से 1 महिला निवेशक है।" भारत भर के शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है,निवेशकों के पंजीकरण के मामले में दिल्ली सबसे आगे है, उसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि "वित्त वर्ष 22 से व्यक्तिगत निवेशक पंजीकरण में महिलाओं की भागीदारी में क्रमिक वृद्धि देखी गई है"।

## बजट पर अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मिलेंगे पीएम नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बजट पर विचार जानने के लिए मंगलवार को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से मुलाकात करेंगे और आगामी बजट के लिए उनके विचार एवं सुझाव जानेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अर्थशास्त्रियों और क्षेत्रीय विशेषज्ञों के अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और नीति आयोग के अन्य सदस्य भी बैठक में भाग लेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को लोकसभा में 2025-26 का बजट पेश करेंगी। उस दिन शेयर बाजार कारोबार के लिए खुले रहेंगे। बीएसई और एनएसई ने सोमवार को इसका एलान किया। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर, शेयर बाजार आमतौर पर शनिवार और रविवार को बंद रहते हैं।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## संभल की सियासत और अखिलेश

इन दिनों संभल से कई खबरें चर्चाओं में हैं, उन पर सियासत भी चल रही है और अखिलेश यादव भी अपने बयानों के साथ सुर्खियों में हैं। संभल में बावड़ी खोदे जाने के मामले पर अखिलेश यादव ने कहा कि वे इसी तरह खोज करते रहेंगे और एक दिन अपनी ही सरकार खोद डालेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की एक खुदाई टीम ने संभल जिले के चंदौसी क्षेत्र में एक बावड़ी का पता लगाया। जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने 400 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली एक बावड़ी की खोज की पुष्टि की। इस संरचना में चार कक्ष हैं, जिनमें संगमरमर से बने फर्श शामिल हैं। सपा सांसद बर्क पर बिजली चोरी में जुर्माना किया गया है, उसकी भी बहुत चर्चा है। संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क को यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने वॉर्निंग दी है कि अगर वह 15 दिनों के अंदर बिजली चोरी के लिए 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना नहीं भरते हैं, तो उनकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। सांसद पर यह जुर्माना 19 दिसंबर को बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन के खिलाफ जिले में चल रहे अभियान के दौरान लगाया गया था। उसी दिन उन पर बड़े लेवल पर बिजली चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद उनके घर की बिजली भी काट दी गई थी। संभल में यूपीपीसीएल के सब डिविजनल ऑफिसर ने कहा कि हमने शनिवार को इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 3 के तहत सांसद के संभल में मौजूद आवास पर नोटिस भेजा और उन्हें 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना चुकाने के लिए 15 दिनों की समय सीमा दी। ऐसा न करने पर जिला मजिस्ट्रेट से संपर्क कर वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा और बाद में सरकारी बकाया वसूलने के लिए उनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। सांसद के पिता मुमलुक उर रहमान बर्क के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। बिजली अधिकारियों ने बताया कि सांसद के पिता ने हमें चुनौती दी है कि उत्तर प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद हम सब बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को सरकार में आने दो तुम सब को गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने कहा कि सांसद के घर का बिजली कनेक्शन तब तक कटा रहेगा, जब तक वे जुर्माना नहीं भर देते। उन्होंने कहा कि उनके घर पर लगे दो मीटर पिछले छह महीनों से जीरो रीडिंग दिखा रहे थे। इस साल किसी भी महीने में रीडिंग 100 से ज्यादा नहीं थी। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर हुई कार्रवाई को सही करार देते हुए कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। वार्ड सभासद से लेकर मंत्री तक जो भी गलत काम करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्तिकेय मंदिर के कपाट खुलने पर कहा कि जहां मंदिर है, वहां पूजा होनी चाहिए। संभल सदर के मौहल्ला हल्लू सराय स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क पर पूर्व पीएम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह ने चौधरी साहब को नमन किया। संभल में कार्तिकेय महादेव मंदिर के ताले खुलने के सवाल पर कहा कि क्या ताले खुलने नहीं चाहिए? भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ सारी दुनिया इस बात को मानती है, वहां मंदिर नहीं बनना चाहिए? भगवान कृष्ण का जन्म जहां हुआ, वहां मंदिर नहीं बनना चाहिए? जहां मंदिर है वहां पूजा नहीं होनी चाहिए? जहां मंदिर है, वहां पूजा होनी ही चाहिए। अखिलेश यादव लगातार योगी सरकार पर निशाना साध रहे हैं। अखिलेश यादव ने फिर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लखनऊ में बैंक के लॉकर से हुई चोरी के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गलत काम हो रहे हैं, यहां जो अपराध हो रहे हैं, उसके पीछे खुद बीजेपी के नेता हैं, जमीन पर कब्जा किया जा रहा है, इसके पीछे आपको बीजेपी के लोग दिखेंगे।लखनऊ में बैंक के लॉकर से चोरी हो गई, ऐसा पहली बार हो रहा है। राजधानी लखनऊ में हुए बैंक लॉकर तोड़ने की घटना के बाद पुलिस और बदमाशों के बीच ताबड़तोड़ गोलियां चली हैं। इस पूरे मामले पर अखिलेश यादव ने ट्वीट कर बीजेपी पर निशाना साधा और लिखा कि उप्र इज ऑफ डूइंग क्राइम में हुआ नंबर एक, आज का एपिसोड लखनऊ का ओवरसीज बैंक जहां लॉकर काटकर बहुमूल्य सम्पदा चोरी हुई। कल सहारनपुर में बैंक लूटा था। अखिलेश यादव ने कल चौधरी चरण सिंह जयंती समारोह के अवसर पर चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने तानाशाही सरकारों के उदाहरण देते हुए कहा कि इतिहास गवाह है, तानाशाह ज्यादा दिनों तक सत्ता में नहीं टिकते। उन्होंने रामायण और महाभारत के उदाहरण देते हुए कहा कि रावण और दुर्योधन जैसे तानाशाहों का अंत हुआ और वर्तमान सरकार का भी यही हश्र होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता में बैठे हैं, उन्हें लगता है कि उनकी सरकार हमेशा चलती रहेगी, लेकिन जनता सब समझ रही है। लोकसभा में जनता ने अपना हिसाब दिखा दिया और विधानसभा चुनाव में परिणाम ऐसा आएगा कि उन्हें पता भी नहीं चलेगा। अखिलेश ने यह भी कहा कि मौजूदा राजनीति में विपक्ष के सामने बहुत बड़ी चुनौती है, क्योंकि सत्ता में बैठे लोगों के पास अपार संसाधन और समर्थन है। अखिलेश यादव ने हाल की लोकसभा घटनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जब सभी दल एकजुट हुए, तब सत्ता पक्ष ने ऐसा बर्ताव किया, जो संसद के इतिहास में शर्मनाक है। फरुर्खाबाद के प्रमाण पत्र वाले सांसद ने ऐसा अभिनय किया, जो बड़े-बड़े एक्टरों को भी पीछे छोड़ गया। सत्ता ने घटना को तोड़-मरोड़कर पेश किया और मीडिया ने भी उनकी बात को सच दिखाने का प्रयास किया। अखिलेश ने मीडिया के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज प्रेस की क्रेडिबिलिटी खतरे में है। सोशल मीडिया के दबाव में मीडिया कभी-कभी सच नहीं दिखा पाती, लेकिन जनता सच जानती है और सही समय पर जवाब देगी। चौधरी चरण सिंह और नेताजी मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए अखिलेश यादव ने कहा,चौधरी साहब किसानों के सबसे बड़े नेता थे। उन्होंने हमेशा किसानों के भविष्य को बेहतर बनाने पर काम किया। सपा संसद द्वारा बिजली चोरी और जुर्माने के सवालों को अखिलेश यादव ने सुना ही नहीं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'पद' 'गलत' 'जहालत' 'नजर'

ऊँचे पद पर बैठकर कितना गलत है दोस्तो,
अक़्लमन्दी को जहालत की नजर से देखना।
उम्र हो जाती है पक्की फिर भी तो जाता नहीं,
अक़्लमन्दी को जहालत की नजर से देखना।

# "शारदेन विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन"

### ना हारना जरूरी है, ना जीतना जरूरी है। जीवन एक खेल है, खेलना जरूरी है।।













मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बुस.)। सोमवार को शारदेन विद्यालय में त्रि-दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यालय के बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज निशांत सिंगला उपस्थित रहे। साथ ही नगर के तहसीलदार सचिन कुमार भी उपस्थित रहे। अतिथियों का अभिनंदन तिलक तथा माल्यार्पण द्वारा किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने बच्चों को खेलों के प्रति सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि निशांत सिंगल ने अपने संबोधन में कहा कि शारदेन स्कूल के छात्र सचमुच में एक्टिव छात्र हैं। इन छात्रों का बलिष्ठ एवं स्फूर्तिमय शरीर केवल खेलकूद द्वारा ही बनता है। यह प्रयास अनवरत रहना चाहिए। शारदेन स्कूल के मैनेजमेंट, अध्यापकों एवं अभिभावकों द्वारा बच्चों पर बहुत ध्यान रखा जाता है और मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले समय में भी छात्रों को इसी तरह आगे बढ़ने का मौका दिया जाए। तत्पश्चात खेल प्रतियोगिताओं का आरंभ हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के बच्चों के लिए अनेक रोचक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिग जैग रेस, बर्स्ट बैलून इन द बास्केट, कैटरपिलर रेस, रिंग रेस, कोन रेस, डबल रिंग रेस, 3 लेग रेस, 100 मीटर रेस, वन लेग रेस, थ्री-लेग रेस, बैलेंस द बुक रेस, कमांडो रेस, बैलेंस द बॉल, लेमन स्पून रेस, भीम लड्डू रेस, बैटन रिले रेस, फ्रॉग रेस, सैक रेस, पुट द बॉल रेस,समर सॉल्ट रेस, लेमन स्पून रेस, कंगारू रेस, 100 मीटर रेस, सैक रेस, पिरामिड, हॉपिंग रेस, बैलेंस द बॉल रेस व मेक द गारलैंड रेस आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विद्यालय द्वारा आयोजित रेसों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता बच्चों को मेडल तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक विश्व रतन के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने विजेता बच्चों को बधाई दी तथा बच्चों को खेल का महत्व बताते हुए प्रेरित किया कि खेलने से बच्चों को स्किल डेवलपमेंट में मदद मिलती है। समय के बदलाव के साथ-साथ छात्रों को खेलना बहुत जरूरी है। मोबाइल को छोड़कर कुछ समय छात्रों को खेल के लिए भी अवश्य निकालना चाहिए, जितनी पढ़ाई जरूरी है, खेल भी उतने ही जरूरी हैं। इससे न सिर्फ बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है बल्कि मानसिक रूप से भी बच्चे खुश और स्वस्थ रहते हैं। वहीं टीम में खेलने से बच्चे टीमवर्क, धैर्य रखना, लीडरशिप जैसी क्वालिटीज भी सीखते हैं। अंत में प्रधानाचार्य धारा रतन ने सभी अभिभावकों को उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। खेल समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापकों का गहन योगदान रहा।

## शाहपुर में विधायक, चेयरमैन ने किया किसान मसीहा को माल्यार्पण



शाहपुर, 23 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मेन चौक स्थित उनकी मूर्ति पर क्षेत्रीय विधायक व किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। कस्बे में किसान मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती पर रालोद विधानमंडल दल के नेता व क्षेत्रीय विधायक राजपाल सिंह बालियान ने मेन चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति पर पहुंच माल्यार्पण किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि स्व. किसान मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री एक विचारधारा होने के साथ महान चिंतक थे। उन्होंने हमेशा किसानों व मजदूरों के लिए संघर्ष किया। क्षेत्रीय विधायक ने किसान मसीहा के जीवन के बारे में विस्तार से बताते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, रालोद नेता रविंद्र राठी, अभिषेक चौधरी, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, विशाल गर्ग, सतीश पाल, आसिफ सलमानी, बुद्ध प्रकाश व मनोज अरोरा आदि सहित नगर पंचायतकर्मियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बालियान ने भी भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ किसान मसीहा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया ।

## रालोद ने राष्ट्रीय व प्रदेश प्रवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित



बागपत, 23 दिसंबर (एजेंसी)। राष्ट्रीय लोक दल यानी रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने स्वर्गीय दादा चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती के मौके पर बड़ा एक्शन लेते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को बड़ा झटका दिया है। पार्टी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रदेश प्रवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पार्टी के महासचिव त्रिलोक त्यागी द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया। रालोद की इस कार्रवाई से पार्टी में खलबली मच गई। बता दें कि हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब पर की गई टिप्पणी को लेकर पार्टी के किसी कार्यकर्ता ने बयान की आलोचना कर दी थी। इसके बाद यह बड़ा एक्शन लिया गया है।

## विनोद कांबली की हालत बिगड़ी, दो बार पड़ चुका दिल का दौरा



मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसी)। भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें थाणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हालांकि, जब उन्हें भर्ती कराया गया था तो उनकी हालत बेहद खराब बताई जा रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांबली को शनिवार को ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें डॉक्टर ने कड़ी निगरानी में रखा है। विनोद कांबली एक दशक से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। न सिर्फ स्वास्थ्य को लेकर बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। कांबली ने स्वीकार किया था कि उनकी वित्तीय स्थिति गड़बड़ है।

## शादी के बंधन में बंधीं भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू



उदयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसी)। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू शादी के बंधन में बंध गई हैं। रविवार को उदयपुर में उन्होंने मंगेतर वेंकट दत्ता साई से शादी रचाई। पारंपरिक शादी के परिधान में दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे थे। इस जोड़े ने अपने परिवारों और करीबी लोगों की उपस्थिति में एक-दूसरे के साथ सात जन्म तक साथ रहने की कसमें खाईं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सिंधू की शादी की तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा- रविवार शाम उदयपुर में वेंकट दत्ता साई के साथ हमारे बैडमिंटन चैंपियन ओलंपियन पीवी सिंधू के विवाह समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। मैंने इस जोड़े को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

## एमडीए उपाध्यक्ष ने गंगा घाट पर निरीक्षण कर गंगाजल की व्यवस्था बनाने के लिए चेक डैम बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजने के आदेश दिये



भोपा, 23 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर विकास परिषद ने शुकतीर्थ में नई योजनाओं पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा ने गंगा घाट पर निरीक्षण कर गंगाजल की व्यवस्था बनाने के लिए चेक डैम बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजने के आदेश दिए। शुकतीर्थ विकास परिषद कार्यालय एवं कथा भवन बनाए जाने को राजस्व अधिकारियों के साथ जमीनों का निरीक्षण किया। विकास के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए। शुकतीर्थ विकास परिषद को प्रस्तावित योजना का प्रारुप भेजने हेतु एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा ने अधिकारियों और अभियंताओं के साथ गंगा घाट का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष गंगा में चेक डैम बनाए जाने का सुझाव दिया, ताकि गंगा के दोनों ओर श्रद्धालुओं को गंगा स्नान करने एवं नाविकों को नाव चलाने के लिए पर्याप्त जल मिल सके। इसके बाद शुकदेव सेतु गंगा पुल से पैदल गंगा घाट बंद का पैदल निरीक्षण किया गया। शुकतीर्थ विकास परिषद कार्यालय एवं कथा भवन स्थल के लिए गंगा घाट के बराबर में खसरा नंबर 63 झील की जमीन का निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार को दिशा-निर्देश देते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी कविता मीणा ने कहा कि राजस्व विभाग अपनी जमीन की तलाश करे और अवैध निर्माण को भी चिन्हित किया जाए। झील क्षेत्र में बनाए गए अतिक्रमण को तुरंत रोकें। जब तक राजस्व विभाग की पैमाइश ना हो कोई भी निर्माण नहीं होने देने के आदेश दिए। विकास प्राधिकरण सचिव आदित्य प्रजापति ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा कराई जा रहे टूरिस्ट फैसेलिटी सेंटर, पार्किंग स्थल, लैंडस्केपिंग कार्य, परिक्रमा मार्ग, पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं कथावाचक स्थल निर्माण हेतु भूमि के चिन्हांकन आदि के बारे में निरीक्षण किया गया है। इस मौके पर विकास प्राधिकरण सहायक नगर निगम मोहित प्रताप, अवर अभियंता जागरण सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## भूमि विवाद निपटाकर कराई जेसीबी से खुदाई

भोपा, 23 दिसम्बर (बु.)। गांव निरगाजनी में ग्राम पंचायत की भूमि पर बनाई गई पानी की टंकी की चार दीवारों को लेकर किसानों के साथ चल रहा विवाद सोमवार को तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर किसानों से बातचीत कर आपसी सहमति से निपटा दिया तथा जेसीबी मंगाकर चारदीवारी के लिए नींव भी खुदवा दी। इस दौरान शांति सुरक्षा को लेकर भारी पुलिसबल तैनात रहा। मोरना विकास खंड क्षेत्र के गांव निरगाजनी में जल निगम के द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि में गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए टंकी निर्माण कराया है। भूमि की चार दीवारी का निर्माण शुरू हुआ तो कुछ किसानों अपनी भूमि बताते हुए इसका विरोध किया, जिसको लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार को तहसीलदार जानसठ सतीश चंद बघेल, नायब तहसीलदार ब्रिजेश कुमार, राजस्व निरीक्षक ललित मोहन, लेखपाल विकास धनकर, प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा घंटों तक किसानों से बातचीत की और किसानों की सहमति से भूमि में निशानदेही कराकर जेसीबी मंगवाकर चारदीवारी के लिए नींव भी खुदवा दी, जिसके बाद विवाद का निपटारा हो गया।

## 'शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजे भारत

### अंतरिम युनूस सरकार ने भेजा राजनयिक नोट




ढाका, 23 दिसंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका वापस भेजने के लिए भारत को एक राजनयिक नोट भेजा है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने अपने कार्यालय में सोमवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार को एक नोट वर्बल (राजनयिक संदेश) भेजा है जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश न्यायिक प्रक्रिया के लिए शेख हसीना को वापस चाहता है। इससे पहले आज दिन में, गृह सलाहकार जहांगीर आलम ने कहा कि उनके कार्यालय ने अपदस्थ प्रधानमंत्री के भारत से प्रत्यर्पण की सुविधा के लिए विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। प्रक्रिया अभी चल रही है। उन्होंने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है और संधि के तहत हसीना को बांग्लादेश वापस लाया जा सकता है। इससे पहले बीते माह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ छात्र आंदोलन में हुई मौतों का मुकदमा चलाने के लिए उनको बांग्लादेश लाया जाएगा। इसके लिए अंतरिम सरकार इंटरपोल की मदद मांगेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानून मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा था कि इंटरपोल के जरिये बहुत जल्द रेड नोटिस जारी किया जाएगा। चाहे ये फासीवादी लोग दुनिया में कहीं भी छिपे हों, उन्हें वापस लाया जाएगा और अदालत में जवाबदेह ठहराया जाएगा। 17 अक्तूबर को न्यायाधिकरण ने हसीना और 45 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इसमें उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनके कई पूर्व कैबिनेट सदस्य शामिल हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर छात्र नेतृत्व वाले विद्रोह के बीच पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। इस दौरान हुए विरोध प्रदर्शन में कई लोग घायल हुए। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुताबिक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए।

## कुमार विश्वास के श्री लक्ष्मी वाले बयान पर भड़की कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)। कुमार विश्वास ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसा कह दिया, जिस पर विवाद हो गया है। अब इस विवाद ने राजनीतिक रंग ले लिया है और कांग्रेस ने कुमार विश्वास की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे भद्दा करार दिया है। दरअसल, कुमार विश्वास ने अंतर-धार्मिक शादी को लेकर परोक्ष रूप से टिप्पणी की थी, जिसे लोगों द्वारा सोनाक्षी सिन्हा से जोड़ दिया गया। अब कुमार विश्वास अपने बयान को लेकर निशाने पर आ गए हैं।

## मकान पर डबल छज्जा निकालने से हादसे की आशंका



चरथावल, 23 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला कानूनगोयान में एक व्यक्ति द्वारा एक मकान के ऊपर डबल छज्जा निकालने से हादसे की आशंका बनी हुई है। साथ ही रास्ते के ऊपर भी छज्जा डालकर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे पड़ोसी को भारी परेशानी हो रही है। पड़ोसी ने थाना चरथावल एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना-पत्र लेकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। चरथावल कस्बे के मौहल्ला कानूनगोयान निवासी फुरकान पुत्र अब्दुल खालिक ने थाना चरथावल पर प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि मेरे मौहल्ला निवासी गुलशाद, सत्तार व रब्बान ने हमारे घर के सामने दोबारा फिर डबल छज्जा निकाल दिया है। साथ ही उसके ऊपर दीवार भी खड़ी कर दी है तथा रास्ते के ऊपर छज्जा डालकर रास्ते पर भी अतिक्रमण कर लिया है। पड़ोसियों द्वारा मना करने पर उक्त लोग मारपीट पर उतारू है। पीड़ित ने थाना चरथावल एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना-पत्र लेकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## झूठी खबरों से अलगाववाद, नार्को ट्रेड, साइबर स्पाई व क्रिप्टो करेंसी के मामले बने चैलेंज: अमित शाह




नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 37वें इंटेलिजेंस ब्यूरो शताब्दी बंदोबस्ती व्याख्यान में कहा है कि झूठी खबरों से अलगाववाद को भड़काना, सांप्रदायिक दंगे, सोशल मीडिया के जरिए नारको ट्रेड, साइबर्स स्पाई और क्रिप्टो करेंसी के मामले, एक अलग प्रकार का चैलेंज बनकर आज हमारे सामने खड़े हैं। इन चुनौतियों के लिए भी हमें अपनी एजेंसियों को परंपरागत तरीकों से बाहर निकाल कर नए तरीके से तैयार करना पड़ेगा। इसके लिए हमें 'आउट आफ दा' बॉक्स जाकर इनसे लड़ने के रास्ते ढूंढने पड़ेंगे, क्योंकि जब चुनौतियां बदलती हैं तो हमें उपाय भी बदलने पड़ेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सोमवार को कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने पिछले 5 साल में देश में कई प्रकार के खतरों से निर्णायक लड़ाई लड़कर वर्चस्व स्थापित किया है। 5 साल पहले तक हमारे देश के सामने दशकों से चले आ रहे तीन नासूर-पूर्वोत्तर, वामपंथी उग्रवाद और कश्मीर देश की शांति, कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और भविष्य को चैलेंज दे रहे थे। सरकार की सख्त नीतियों और कठोर निर्णयों के कारण हमारी आने वाली पीढ़ी को इन तीनों खतरों की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि हमने इन खतरों पर लगभग निर्णायक विजय प्राप्त कर ली है। आज सिर्फ भौतिक नुकसान करने वाले देशविरोधी तत्वों से सजग रहने से ही हमारा काम पूरा नहीं होता और हमें आज के परिदृश्य में सजगता के मायने बदलने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इंफॉर्मेशन और डाटा, विकास के बहुत बड़े टूल हैं, इन्हे सुरक्षित रखने के लिए हमारी परंपरागत पद्धतियों के साथ-साथ आमूलचूल परिवर्तन करना पड़ेगा। आने वाले दिनों में इसके लिए आसूचना ब्यूरो को तैयार और टेक्नोलॉजी से लैस करने की रिस्पॉन्सिबिलिटी युवा अफसरों पर होगी। अमित शाह ने कहा कि क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले, साइबर अटैक, इंफॉर्मेशन वारफेयर, साइकोलॉजिकल वारफेयर, केमिकल वारफेयर और युवाओं का रेडिकलाइजेशन और ज्यादा तीव्रता के साथ चैलेंज बनकर हमारे सामने उभरा है।

## लूट की घटना में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

भोपा, 23 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर के मौहल्ला सरवट निवासी सुएब 28 अक्टूबर की शाम को सूजडू चुंगी पर खड़ा था कि तभी दो लड़के आए, जिनमें एक ने अपना शौकीन बताया तथा भोपा से सामान लेकर आने के लिये 600 रुपए में रिक्शा तय की। वह दोनों को बैठाकर रिक्शा लेकर भोपा आ गया तथा पेट्रोल पंप के पास आकर इन्होंने मौहम्मद रफी गांव निराना थाना सिखेड़ा को बुलाया, जो बाइक से अपनी पत्नी शमा प्रवीण समेत वहां आया, फिर उसकी रिक्शा में बैठे दोनों युवक रफी व उसकी पत्नी मुझे सामान भरवाने के बहाने जंगल में ले गये कुछ दूर जाकर रिक्शा रुकवाकर उसे खींचकर धक्का देकर रिक्शा से उतार लिया और रिक्शा की चाभी छीनने लगे उसने विरोध किया और शोर मचाया, तो वह चालक को खींचकर पास ही गन्ने के खेत में ले गये और मफलर से उसका गला घोंटने लगे। एक ने तमंचा निकालकर उसकी कनपटी पर लगा दिया तभी अचानक गश्त करते हुए पुलिस सायरन बजाते हुए उधर आई, तो रात्रि में रिक्शा को खड़ी देख रुकें। पुलिस को आता देख, वह सुएब को छोड़कर ईंख का फायदा उठाते हुए भागने लगे। पुलिस ने मौहम्मद रफी व उसकी पत्नी शमा प्रवीण तथा शौकीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि चौथा अरोपित गुलफाम निवासी बरला फरार चल रहा था। सोमवार को उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने फरार आरोपित गुलफाम को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## अमेठी के शिव मंदिर पर विशेष समुदाय का कब्जा, 20 सालों से नहीं करने दे रहे पूजा-पाठ




अमेठी, 23 दिसंबर (एजेंसी)। अमेठी में 120 साल पुराने शिव मंदिर पर विशेष समुदाय के लोगों के कब्जे की बात सामने आई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के लोगों ने एसडीएम से मिलकर कब्जा खाली कराने की मांग की है। मामले की जांच तहसीलदार को सौंपी गई है। मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव का है। यहां 120 साल पुराने पंच शिखर शिव मंदिर को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने मंदिर पर कब्जा कर रखा है। पिछले 20 वर्षों से पूजा-पाठ पर रोक लगा दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर की स्थापना करीब 120 वर्ष पूर्व गांव के एक दलित परिवार ने करवाई थी। यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। हालांकि, पिछले दो दशकों से विशेष समुदाय द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे गांव के लोग नाराज हैं। लंबे समय से अपनी धार्मिक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर के पुजारी को भी प्रताड़ित कर गांव से पलायन करने पर मजबूर कर दिया गया। पूजा-पाठ बंद होने और धार्मिक गतिविधियों पर प्रतिबंध के चलते गांव के लोगों में रोष है। ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी से मिला। मंदिर को मुक्त कराने की मांग की। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई। एसडीएम प्रीति तिवारी ने कहा कि ज्ञापन के जरिए मामला संज्ञान में आया है।

## उत्तराखंड में जमे झरने, कश्मीर में जमी डल झील

### - कड़ाके की ठंड के बाद भी दीदार के लिए पहुंच रहे पर्यटक




नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)। कश्मीर घाटी में हाड़ कंपा देने वाली ठंड से डल झील में बर्फ की परत जम गई है। इससे शिकारा वालों और हाउसबोट संचालकों के लिए परेशानी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड के बाद भी पर्यटक नीती घाटी के दीदार के लिए पहुंच रहे हैं। यहां बहने वाली नदी, नाले व झरने ठंड से जम रहे हैं और इन्हें देखकर पर्यटक काफी रोमांचित हो रहे हैं। चकराता में सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई, जिसे देख पर्यटक भी रोमांचित हुए। वहीं गंगोत्री और यमुनोत्री धाम पर बर्फ की आगोश में हैं। सोमवार सुबह से रोहतांग दर्रा के साथ ऊंची चोटियों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। रोहतांग में 10 सेंटीमीटर तक ताजा बर्फबारी रिकार्ड की गई है। नीती घाटी में रात का तापमान माइनस में जाने से यहां बहने वाले अधिकांश झरने नदियां व गदेरे जमने लग गए हैं। पर्यटक इन जमे झरनों के पास खूब सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। घाटी में इस समय दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित अन्य जगह के पर्यटक पहुंच रहे हैं। वहीं पर्यटकों की तादाद बढ़ने से नीती घाटी के कई गांवों में इन दिनों दुकानें खुली हुई हैं। इस समय पूरी घाटी के लोग अपने शीतकाल प्रवास पर आ जाते हैं। पिछले सालों तक इस समय घाटी में कोई ग्रामीण दिखाई नहीं देता था। मगर इन दिनों गमशाली, मलारी सहित कई गांवों में दुकानें और होम स्टे खुले हुए हैं जिससे पर्यटकों को खाने-पीने से लेकर रात्रि विश्राम में दिक्कत नहीं आ रही है।

## बर्फ ने लगाई ब्रेक: अटल टनल में फंसे 1000 से अधिक वाहन

### बर्फ में फिसलने लगी गाड़ियां; पुलिस कर रही रेस्क्यू




मनाली (कुल्लू)। अटल टनल और धुंधी में बर्फबारी ने पर्यटकों की दुश्वरियां बढ़ा दीं। सोमवार शाम को बर्फबारी होने के बाद पर्यटक मनाली लौटने लगे तो सड़क पर जमा हुई बर्फ में वाहन फिसलने लगे। एक हजार से अधिक पर्यटक वाहन अटल टनल के साउथ पोर्टल से नार्थ पोर्टल तक बर्फ में फंस गए। पुलिस ने वाहनों को निकलने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है। सभी को बारी बारी मनाली की ओर भेजा जा रहा है। सोमवार को सुबह से ही मौसम खराब चल रहा था। दोपहर बाद अटल टनल और धुंधी में बर्फबारी शुरू हो गई। शाम को तेज बर्फबारी होने के बाद मनाली पुलिस ने सोलंगनाला से आगे वाहनों की आवाजाही रोक दी लेकिन सुबह ही लाहौल गए पर्यटक लौटने लगे तो अटल टनल के साउथ पोर्टल से धुंधी इलाके में जमी बर्फ में फिसलने लगे। जिससे वाहनों के आपस में टकराने का भय बन गया। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर वाहनों को बारी-बारी निकालना शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक धुंधी पुल से सोलंगनाला की ओर सैकड़ों वाहन भेज दिए हैं।

## गोरखपुर में परिवार को इसलिए जिंदा जलाया; तीन की और मौत




गोरखपुर, 23 दिसंबर (एजेंसी)। गोरखपुर के चिलुआताल में आग से झुलसे परिवार के पांच सदस्यों में से नवविवाहिता माला (25), पति अरविंद निषाद (30) और जेठ बृजेश निषाद (32) की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार देर रात माला ने एक निजी अस्पताल में दम तोड़ा। वहीं, रविवार शाम चार बजे मेडिकल कॉलेज में बृजेश और सात बजे अरविंद की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद माला का गीडा क्षेत्र के कालेसर में दाह संस्कार किया गया। जबकि बृजेश और उसके छोटे भाई अरविंद का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखा गया है। 14 दिसंबर की देर रात दहला गांव में दो भाइयों के कमरे में ताला लगाकर आरोपी बड़े भाई बेचन निषाद ने थिनर (तारपीन का तेल) डालकर आग लगा दी थी। आग से बृजेश निषाद (32), पत्नी मधु (28), बच्ची रिद्धिमा (03), अरविंद निषाद (30) और उसकी पत्नी माला (25) वर्ष झुलस गए थे। परिजन और आस-पास के लोगों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बेचन की दहशत की वजह से कोई रिश्तेदार उसके खिलाफ तहरीर देने आगे नहीं आए। तब माला के भाई संतोष साहनी ने चिलुआताल थाने में केस दर्ज कराया। घटना के बाद से ही आरोपी बेचन फरार है। अरविंद और माला की चार दिसंबर को शादी हुई थी। पांच दिसबर को झंगहा के नई बाजार की माला विदा होकर दहला गांव पहुंची थीं। अभी हाथ की मेहंदी भी नहीं छूटी थी। रविवार को माला के ससुर मुन्नी लाल ने कालेसर के मुक्तिधाम घाट पर दाह संस्कार किया। माला के पिता छोटे लाल, पत्नी कमला देवी, भाई और बहनें भी पहुंची थीं। बहन को दुल्हन की तरह सजाकर आखिरी बार विदाई दी। इधर, बृजेश की मौत के बाद उनकी पत्नी मधु का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बेटी रिद्धिमा के साथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। मुन्नीलाल ने बहू का दाह संस्कार किया। उन्होंने कहा कि पता होता बेटा ऐसा करेगा तो बचपन में ही बेचन का गला दबा देता। हंसता खेलता परिवार बिखर गया। बहू मर गई, दोनों बेटे भी मर गए। मेरा तो सब कुछ खत्म हो गया। माला की मां कमला देवी ने कहा कि बेटी के हाथ में मेहंदी भी अभी नहीं छूटी थी और वह दुनिया से चली गई। हंसते-हंसते लाडली बेटी को विदा किया था, तब ये नहीं पता था कि इसके बाद कभी उसे देख नहीं पाऊंगी।

# सिसौली किसान पंचायत में राकेश टिकैत ने किया ऐलान, 30 को करेंगे विरोध-प्रदर्शन

## किसान कर रहा सिसौली से आदेश का इंतजार : रतन मान

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** किसान भवन सिसौली में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न चौ. चरण सिंह की जयंती पर आयोजित युवा संवाद-3.0 कार्यक्रम एवं मासिक पंचायत में सोमवार को क्षेत्रीय किसानों के साथ पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, बिहार और राजस्थान के प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। किसान भवन स्थित प्रांगण में हवन किया गया। वहीं स्कूल के बच्चों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की याद में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सिसौली स्थित किसान भवन के ताऊ देवीलाल पुस्तकालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मंडल, जनपदों व प्रदेश से पहुंचे पदाधिकारियों के साथ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत उपस्थित रहे। इससे पूर्व पुस्तकालय में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के नेतृत्व में खापों के प्रतिनिधियों के साथ किसानों की समस्याओं सहित सभी विषयों को लेकर चर्चा की गई। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि हम सरकार की गलत नीतियों का अब पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे। वर्तमान सरकार नए-नए कानून लाकर किसानों के हक और अधिकार पर प्रहार करने का काम कर रही है। ऐसे में जहां भूमि अधिग्रहण को लेकर गौतमबुद्ध नगर का किसान धरना प्रदर्शन कर रहा था, जिसे सरकार ने उठाकर जेल में बंद कर दिया, इन किसानों को उनका हक और सम्मान दिलाने की खातिर अब हम 30 दिसंबर को गौतमबुद्ध नगर में जीरो पॉइंट पर पंचायत आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि देश का किसान एमएसपी गारंटी कानून सहित अन्य मांगों को लेकर 10 माह से भी अधिक समय से खनोरी व शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल बीते 28 दिनों से आमरण अनशन पर हैं, लेकिन सरकार उनकी बात मानने को राजी नहीं हैं। इन्हीं सभी विषयों को लेकर भारतीय किसान यूनियन आगामी 7 जनवरी को देशभर में जिला मुख्यालयों पर पंचायत कर राष्ट्रपति के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगी। इसके साथ ही हम देशभर में पंचायते करेंगें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि हरियाणा व देश का किसान सिसौली के एक आदेश का इंतजार कर रहा है। किसानों के सम्मान की खातिर हम अंतिम सांस तक इस लड़ाई को ऐसे ही लड़ते रहेंगे। जल्द ही संगठन एक बड़ा निर्णय लेगा। बिहार से पहुंचे शिवप्रकाश ने कहा कि बिहार प्रदेश वर्तमान में मंडी बंद होने का दंश झेल रहा है। हम सभी एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ेंगे। दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह डागर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तैयार की गई नई कृषि नीति का हम विरोध करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नीति किसान हितों से ज्यादा पूंजीपतियों को फायदा देने का काम करेगी।



### पूर्व प्रधानमंत्री के द्वारा बताए रास्ते पर चलना सच्ची श्रद्धांजलिः नरेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** किसान भवन सिसौली में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न चौ. चरण सिंह की जयंती पर आयोजित हुए युवा संवाद-3.0 कार्यक्रम एवं मासिक पंचायत में सोमवार को भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को वास्तव में सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए गए रास्ते पर चलने से अर्पित होगी। उन्होंने कहा कि देश का किसान वर्तमान में संकट के दौर से गुजर रहा है। हालांकि योगी सरकार की ओर से किसानों को बिजली दिए जाने को एक अच्छा प्रयास बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एकमुश्त विद्युत समाधान योजना लागू कर अच्छा काम किया है, जिसका फायदा बड़ी संख्या में किसानों को पहुंचेगा। वहीं हम प्रदेश के मुखिया से कहना चाहते हैं कि प्रदेश में गन्ने का आधा सीजन निकल चुका है, लेकिन अभी तक गन्ने के भाव घोषित नहीं हुए, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में सरकार बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए गन्ने का भाव इस बार 500 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किए जाने की मांग की।

### तीन प्रभारी निरीक्षक बदले, राजीव शर्मा जानसठ कोतवाल बने

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने देर रात तीन निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। ककरौली के प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा को जानसठ कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जानसठ के प्रभारी निरीक्षक रहे लक्ष्मण वर्मा को उनके अनुरोध पर अपराध शाखा में स्थानांतरित किया गया है। प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ पद से जय सिंह भाटी को ककरौली का प्रभारी निरीक्षक बनाकर भेजा गया है।

### कार की टक्कर से चार घायल, एक गंभीर

**मोरना, 23 दिसम्बर (बु.)।** देर रात भोपा से मोरना की तरफ जा रही एक कार



अचानक अनियंत्रित होकर टकरा गयी। कार के टकराने से उसमें मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गयी। आसपास जा रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर कार के अन्दर से विशाल, सेवक, बादल व मुनासिफ को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों को चिकित्सालय भिजवाया जहां पर विशाल की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है।

### अगले तीन दिन विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड प्रथम मुजफ्फरनगर के अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि 23 से 24 दिसंबर एवं 26 दिसंबर में 33/11 केवी उपकेन्द्र जानसठ रोड़ और मखियाली के क्षेत्रान्तर्गत 33 केवी के जर्जर पोल को बदलने का कार्य होने के कारण उक्त उपकेन्द्रों के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी फीडर्स बन्द रहेंगे। उन्होंने बताया कि इसके चलते वसुन्धरा, एटू जेड, अलमासपुर, महालक्ष्मी एन्क्लेव, पारस एन्क्लेव, मीनाक्षीपुरम आदि क्षेत्रों की प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि असुविधा के लिए खेद है। उक्त क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त शट डाउन की समयावधि में धैर्य बनाये रखे।

### बोरवेल में गिरी चेतना का कैमरे में मूवमेंट दिखा

**कोटपूतली, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के कीरतपुरा गांव (सरूण्ड थाना क्षेत्र) में एक तीन साल की बच्ची बोरवेल में गिर गई। बोरवेल घर में खोदा गया था। जब बच्ची के रोने के आवाज घर वालों को सुनाई दी, तब उनको घटना के बारे में पता चला। राज्य के जलदाय मंत्री ने घटना को पीड़ादायक बताया है बोरवेल की गहराई 700 फीट बताई जा रही है। राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने एक्स पर बताया कि घटना को लेकर उन्होंने कलेक्टर से बात की है। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के कीरतपुरा बड़ियाली गांव में भूपसिंह चौधरी जी की चार वर्षीय बेटी 700 फिट गहरे बोरवेल में गिर जाने का मामला जानकारी में आया है। मैंने जिला कलेक्टर और एसपी से फोन पर वार्ता की है। प्रशासन व बचाव दल मौके पर है। मैं ईश्वर से मासूम बालिका की कुशलता की कामना करता हूं। बोरवेल में फंसी चेतना की सकुशल वापसी हेतु कैबीनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अधिकारियों से बातचीत की है। एक्स पर उन्होंने लिखा, तीन वर्षीय चेतना के सकुशल वापसी की प्रार्थना करता हूं। कोटपूतली में तीन वर्षीय चेतना बिटिया के बोरवेल में गिरने की घटना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है।

### कानपुर में महापौर ने खुलवाया 125 साल पुराना राधा-माधव मंदिर

**कानपुर, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** महापौर प्रमिला पांडेय ने कर्नलगंज की संकरी गली में बंद पड़े करीब 125 साल पुराने श्री राधा-माधव मंदिर को खुलवाया। मंदिर के गेट पर लगा ताला ईंट से तोड़कर महापौर के साथ लोग अंदर पहुंचे और दर्शन किए। महापौर सोमवार को लुधौरा में मंदिरों की हालत देखने गईं थीं। इस दौरान उन्होंने तीन मंदिरों का निरीक्षण किया। महापौर सबसे पहले कर्नलगंज खटिकाना गईं। इलाके के लोगों ने बताया कि पूर्व में यहां एक मंदिर था जिस पर कब्जा कर इमारत बना दी गई। अवशेष के रूप में एक बड़ा पीपल का पेड़ व उसके चारों ओर चबूतरा आज भी है जो इमारत के अंदर ही बना है। लोगों ने बताया कि पहले मंदिर में पूजा होती थी, लोग शादियां करते थे लेकिन 10 साल पहले इसे तोड़कर कब्जा कर लिया गया। मंदिर की जगह यहां कपड़े सिलाई की फैक्टरी चल रही थी, मूर्तियां गायब थी। इसके बाद महापौर एक अन्य मंदिर में गई जो ठीक स्थिति में था। फिर वह श्री राधा-माधव विराजमान मंदिर पहुंचीं जिसके गेट पर ताला लगा था। लोगों ने बताया कि यह करीब 32 सालों से बंद है। पुलिस फोर्स की मौजूदगी में महापौर ने मंदिर का ताला तुड़वाकर मंदिर खुलवाया और मंदिर के अंदर जाकर डंडे से जाला हटाने लगी। उनके पीछे क्षेत्रीय लोग भी गए।

#### शेष - जमीन से लेकर ...

टिप्पणी अथवा माहौल खराब करने की कोशिश की गयी तो उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लगभग ढाई घंटे चले कार्यक्रम में दौरान किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना की सूचना न मिलने से कार्यक्रम समापन के बाद पुलिस ने चैन की सांस ली। कार्यक्रम समापन के बाद यशवीर महाराज ने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद भी अदा किया और कहा कि उनकी देखरेख में कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हो सका। मंदिर के हवन पूजन में बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने अपनी आहुति दी। हवन सुनील दर्शन द्वारा कराया गया। इसके साथ ही स्वामी यशवीर महाराज के साथ मुख्य रूप से उनके आश्रम के आचार्य नागेन्द्र, आचार्य मृगेन्द्र शास्त्री, बिट्टू सिखेड़ा, नरेन्द्र पंवार उर्फ साधु, भाजपा नेता सुधीर खटीक, सुनील दर्शन, सभासद हनी पाल, मोनू बिल्टोरिया, भारत राजपूत, मिंकल कुमार, भरत खोखर सहित सैंकड़ों समर्थक मौजूद रहे। सुरक्षा के लिहाज से यहां पर सीओ सिटी व्योम बिन्दल, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड, शहर कोतवाली अक्षय शर्मा, लेखपाल शहर संजीव शर्मा सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में फरार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर कुर्की का नोटिस चस्पा

**शाहपुर, 23 दिसम्बर (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में फरार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर कुर्की का नोटिस चस्पा किये हैं। पेपर लीक मामले में इसी वर्ष फरवरी 2024 में गौतमबुद्धनगर के प्रभारी सचिन कुमार ने मुकदमा संख्या 61/24 दर्ज कराया था। मुकदमे में नामजद पांच आरोपियों में अजय उर्फ पप्पन का पता गलत लिखा गया था, जबकि सूरज नाम के आरोपी के पिता का नाम व पता नामालूम लिखा गया था। पुलिस आरोपी अजय उर्फ पप्पन पुत्र मांगा को शामली जनपद के झिंझाना में तलाश करती रही, लेकिन कोई पता नहीं लगा। पुलिस ने जांच में पाया कि फरार आरोपी झिंझाना का नहीं बल्कि वह शामली जनपद के ही थाना कांधला क्षेत्र के गांव भभीसा का रहने वाला है। उसकी तलाश में पुलिस ने उसके घर कई बार दबिश दी, लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर उसके घर कुर्की के नोटिस चस्पा कर दिए। उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक भर्ती 2023 की परीक्षा 17 व 18 फरवरी 2024 को आयोजित की गई थी, जिसमें पेपर लीक होने के बाद परीक्षा को निरस्त कर दिया गया था। प्रदेश भर में पेपर लीक मामले को लेकर भारी बवाल हुआ था। शासन स्तर से पेपर लीक करने में सम्मिलित लोगों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे, जिसमें कार्यवाही करते हुए गौतमबुद्ध नगर एसटीएफ प्रभारी सचिन कुमार ने 29 फरवरी 2024 को शाहपुर थाने में धारा 418, 467, 468, 471, 120-बी व उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 3/9 में प्रवीण उर्फ मिंटू पुत्र राजवीर निवासी गांव कुटबा थाना शाहपुर, विपिन तोमर पुत्र कृष्ण पाल गांव सरूरपुर थाना व जनपद बागपत, प्रवीण तोमर पुत्र अजीत सिंह पट्टी देसु गांव बावली थाना बड़ौत जनपद बागपत, अजय उर्फ पप्पन पुत्र मांगा झिंझाना जनपद शामली, जो बाद हुई जांच में गांव भभीसा थाना कांधला जनपद शामली निकला व सूरज, जिसके पिता का नाम पता पुलिस को नहीं मिला था के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों प्रवीण उर्फ मिंटू, विपिन तोमर व प्रवीण तोमर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी अजय उर्फ पप्पन पता गलत होम के कारण पुलिस की पकड़ में नहीं आया था। पुलिस ने जानकारी करते हुए अजय उर्फ पप्पन निवासी गांव भभीसा थाना कांधला जनपद शामली होना पाया, तो उसकी गिरफ्तारी हेतु दबिश भी दी गयी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली थी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए घर पर कुर्की के नोटिस चस्पा किए हैं और आरोपित द्वारा न्यायालय में सरेन्डर करने या गिरफ्तारी ना होने पर जल्द ही पुलिस ही उसके घर की कुर्की करेगी।



## पंजाब में पुलिस पर बम फेंकने वाले तीन खालिस्तानी आतंकी यूपी में ढेर

### पीलीभीत में हुई मुठभेड़, दो एके-47, दो विदेशी पिस्टल बरामद

**पीलीभीत, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** पंजाब में गुरदासपुर जिले के कलानौर थाने की बख्शीवाल पुलिस चौकी पर ग्रेनेड फेंकने वाले तीन खालिस्तानी आतंकियों को पंजाब और पीलीभीत पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में मार गिराया। आतंकियों से मुठभेड़ पूरनपुर थाना क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर पुल से माधोटांडा मार्ग पर सोमवार सुबह हुई। इसमें दो सिपाही घायल हुए हैं। पूरनपुर थानाध्यक्ष की गाड़ी पर भी तीन गोलियां लगी हैं। आतंकियों के पास से दो एके-47, दो विदेशी पिस्टल और चोरी की एक बाइक बरामद हुई है। उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने कहा कि, आतंकी यहां कब आए थे, कहां रुके थे और उनके स्थानीय कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। आतंकियों की पहचान गुरविंदर सिंह (25), वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि (23) और जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) के रूप में हुई है। तीनों गुरदासपुर जिले के रहने वाले थे।

पीलीभीत एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे पंजाब के जिला गुरदासपुर के कलानौर थाने की पुलिस यहां पहुंची और खालिस्तानी अपराधियों के पूरनपुर में होने की सूचना दी। जिला कंट्रोल रूम और उच्चाधिकारियों का अवगत कराने के बाद जिले में नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी गई। पूरनपुर क्षेत्र में खमरिया पट्टी के पास एक बाइक से जा रहे तीन संदिग्धों को रोकने के लिए पंजाब और स्थानीय पुलिस ने घेराबंदी की। घेराबंदी देख बाइक सवार निमार्णाधीन पुल से माधोटांडा मार्ग की तरफ मुड़ गए। इस समय सुबह के करीब 5:30 बजे थे। इसी बीच खुद को घिरता देख तीनों ने फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से हुई फायरिंग में तीनों घायल हो गए। इसके बाद इन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपूर और बाद में जिला अस्पताल लाया गया। यहां इनकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि तीनों की पहचान बख्शीवाल पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला करने वाले आतंकियों के रूप में हुई। मुठभेड़ में माधोटांडा थाने के सिपाही सुमित राठी और शाहनवाज घायल हुए हैं। इनका सीएचसी में इलाज चल रहा है। गुरविंदर सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह पंजाब के गुरुदासपुर जिले के कलानौर मोहल्ले का रहने वाला था। वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि पुत्र रंजीत सिंह गुरदासपुर जिले के ही कलानौर थाना क्षेत्र के ग्राम अगवान का रहने वाला था। वहीं जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह ग्राम निक्का सूर थाना कलानौर का निवासी था। तीनों खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) से जुड़े हुए थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बयान जारी कर इस मुठभेड़ को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ बड़ी सफलता करार दिया है।



### बुढ़ाना पुलिस ने वारंटी को अरेस्ट कर भेजा जेल

**बुढाना, 23 दिसम्बर (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार के दिन एक वारंटी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी संदीप कुमार ने अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल मोहित कुमार और कांस्टेबल ब्रजेश कुमार की मदद से एक वारंटी तौहीद अहमद पुत्र रिदकु निवासी गांव जौला बुढ़ाना को मुखबिर की सटीक सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है।

### प्रेमी के परिजनों की ओर से नहीं आई तहरीर, युवती को किया गया परिजनों के सुपुर्द

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** आज पूरा दिन इंतजार के बाद गेस्ट हाउस में प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काटने के मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई। पुलिस को उम्मीद थी कि प्रेमी के परिजनों की ओर से युवती के विरुद्ध कोई न कोई तहरीर जरूर दी जायेगी, मगर 24 घंटे के इंतजार के बाद जब ऐसा नहीं हुआ तो युवती को लिखा पढ़ी के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। आपको बता दें कि रविवार को रेलवे स्टेशन के सामने रॉयल गेस्ट हाउस में चरथावल की एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी से तकरार के बाद उसके प्राइवेट पार्ट पर पेपर कटर से हमला कर दिया था, जिसमें वह खून से लथपथ हो गया था, जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे रैफर कर दिया था। इस मामले में सोमवार को पूरा दिन पुलिस ने प्रेमी के परिवार की ओर से तहरीर आने का इंतजार किया, मगर कोई तहरीर न आने के बाद देर शाम युवती को लिखा पढ़ी के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## कुत्तों को लेकर भिड़े इंसान, कच्ची सड़क पर पथराव में कई घायल

### भिड़ंत के बीच बलकटी लहराते हुए दी धमकी

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** कच्ची सड़क स्थित आन्नदपुरी में देर रात उस समय पथराव से हड़कम्प मच गया, जब गली के ही दो लोग अपने-अपने पालतू कुत्ते को लेकर भिड़ गये। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक के घर पर पथराव कर दिया गया और पथराव में घर की महिलाएं भी घायल हो गयी। दरअसल आनन्दपुरी के निकट एक व्यक्ति कुत्ता घुमा रहा था। जैसे ही वह कुत्ता घुमाते हुए एक घर के दरवाजे पर पहुंचा तो उसने दरवाजे पर खड़े एक अन्य कुत्ते पर हमला कर दिया।

इसी बीच एक पक्ष ने कुत्ते पर डंडे से जोरदार वार कर दिया। इसी को लेकर इसे लेकर दो पक्षों में भिडन्त हो गयी, जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक बिल्लू को थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ लगने के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पथराव कर दिया। पथराव में एक पक्ष की महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गये।। बाद में उक्त मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें एक पक्ष कुत्ते के चक्कर में बलकटी से दूसरे पक्षों को काटने की धमकी दे रहा है। इस मामले में पुलिस ने पप्पू नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार करने की सूचना है। समाचार लिखे जाने तक एक पक्ष के लोग जिला चिकित्सालय में उपचार करा रहे थे।





आनन्दपुरी में पथराव के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

### फिल्म निर्माता निर्देशक श्याम बेनेगल नहीं रहे

**मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** मशहूर फिल्म निमाता और निर्देशक श्याम बेनेगल का आज 23 दिसंबर को शाम 6.38 बजे निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। वो दो दिन पहले अपने घर पर गिर गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। श्याम बेनेगल कथित तौर पर किडनी संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित थे। दो दिन से वे कोमा में थे और सोमवार शाम इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। श्याम बेनेगल की बेटी पिया ने कहा कि उनके पिता और फिल्म निमार्ता श्याम बेनेगल का क्रोनिक किडनी रोग के कारण 90 वर्ष की उम्र में मुंबई के वॉकहार्ट अस्पताल में निधन हो गया। शाम 6.38 बजे वॉकहार्ट अस्पताल मुंबई सेंट्रल में उनका निधन हो गया। वह कई वर्षों से क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित थे, लेकिन यह बहुत खराब हो गई थी। यही उनकी मृत्यु का कारण है।'



### गैंगस्टर के आरोपी को दो साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** 19 अक्टूबर 2022 को तत्कालीन नई मंडी कोतवाली प्रभारी सुशील सैनी ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मुस्तकीम निवासी तालड़ा थाना जानसठ को गिरफ्तार किया था। मुस्तकीम संगठित गिरोह चलाता था, उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज भी की गई थी। एडीजीसी दिनेश पुंडीर ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई विशेष गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश काशिफ शेख की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने आरोपी को दो साल की सजा व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी अभी जेल में बंद है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 02 नवनिर्मित पुलिस चौकी व तीन पुलिस चैक पोस्ट का फीता काटकर उद्घाटन किया

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** एसएसपी अभिषेक सिंह ने खालापार थाना क्षेत्र में स्थित 02 नवनिर्मित पुलिस चौकी व तीन पुलिस चैक पोस्ट का फीता काटकर उद्घाटन किया। सुरक्षा के मद्देनजर खालापार थाना क्षेत्र में पुलिस चैक पोस्ट बढ़ाए गए हैं। सभी चैक पोस्ट पर 24 घंटे पुलिस को तैनात रहेगी। अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा सोमवार को थानाक्षेत्र खालापार के अन्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी अम्बा विहार तथा वहलना का विधि-विधान से फीता काटकर उदघाटन किया गया। इसके साथ एसएसपी द्वारा थानाक्षेत्र खालापार के अन्तर्गत नवनिर्मित 03 पुलिस चैक पोस्ट फक्करशाह चौक चैक पोस्ट, वहलना चौक चैक पोस्ट, जामियानगर चैकपोस्ट का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया। एसएससी द्वारा बताया गया कि नवनिर्मित पुलिस चौकी व चैकपोस्ट का निर्माण इन इलाकों में निवास करने वाले लोगों की सुविधा हेतु किया गया है। नवनिर्मित पुलिस चौकी क्षेत्रान्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तथा अन्य जनपदों से आने-जाने वाले वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चैकिंग की जाएगी, जिससे आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। साथ ही किसी भी पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्यवाही भी की जा सकेगी। नवनिर्मित पुलिस चौकी वहलना व अम्बा विहार से बेहतर पुलिसिंग के साथ ही, उत्पन्न समस्याओं में तत्काल पुलिस की सेवा आम जनता को मिल सकेगी। नवनिर्मित पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं गए हैं तथा चौकी व चैकपोस्ट पर 24 घंटे पुलिसकर्मी उपलब्ध रहेंगे।



## कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** चुनावी रंजिश में हत्या के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 21 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में हुई। डीजीसी राजीव शर्मा, एडीजीसी आशीष त्यागी व अरुण शर्मा ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाननगर निवासी राज्जो पत्नी बलवीर ने 30 अगस्त 2014 को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत की चुनावी रंजिश के चलते 29 अगस्त को उसका बेटा बाबूराम व नितिन पाल रात्रि में साढ़े 9 बजे फैक्ट्री से काम खत्म कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान गांव के अशोक ने बेटे बाबूराम को गोली मारकर घायल कर दिया, जबकि नितिन मौके से भागकर घर आ गया। आरोपी ने उसका पीछा भी किया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल से मेरठ रैफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी को 31 अगस्त 2014 को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए उसके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। एडीजीसी आशीष त्यागी ने बताया कि इस मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में हुई। कोर्ट में अभियोजन की तरफ से दस गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा व 21 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे शमी

**मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को इस तेज गेंदबाज की फिटनेस पर जानकारी दी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो टेस्ट के लिए अनफिट घोषित किया। हाल ही में तीसरे टेस्ट मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अधिकारियों से शमी की फिटनेस पर स्थिति स्पष्ट करने कहा था और अब भारतीय बोर्ड ने उन्हें अनफिट करार दिया। शमी को घुटने की चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। शमी पिछले साल वनडे विश्व फाइनल के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और उन्होंने रणजी ट्रॉफी के जरिये मैदान पर वापसी की थी।

## कोहरा, बादल और बारिश के साथ ठंड हुई प्रचंड, पारा : 18.0/7.5

**मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)।** सुबह के समय कोहरे और दिन भर घने बादलों से ढके रहे आसमान से कई बार पड़ी हल्की बौछारों के बाद आज फिर कंपा देने वाली ठंड का दौर फिर से तेज हुआ। ठंड प्रचंड हुई तो दिन का तापमान चार डिग्री से अधिक गिरकर 18.0 डिग्री पर पहुंच गया, हालांकि बीती रात में तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि भीषण ठंड का यह दौर अब लंबा चलेगा। दूसरी और पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी ने भी शीत के सितम को और बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने ठंड के साथ बारिश का दौर भी ब्रेक के साथ फिर शुरू होने का अनुमान लगाया है।

बीते एक सप्ताह से अधिक समय से गर्माते दिख रहे मौसम ने एक बार फिर पलटी मारी है। इसके चलते आज सुबह की शुरूआत कोहरे से हुई। शहर में भले कोहरा हल्का हो, लेकिन बाहरी इलाकों में कोहरे की मोटी परत छाई रही। ऐसे में सूर्य भगवान के दर्शन की उम्मीदों पर बादलों ने पानी फेर दिया। आसमान पर घने बादलों के बीच सुबह से शाम तक कई बार हल्की बूंदाबांदी हुई। तीसरे पहले सूर्यदेव हल्के से चमके, लेकिन विगत एक पखवाड़े से कड़क धूप का जो आनंद शहर वासी ले रहे थे, वह आज गायब रही। माना जा रहा है कि अधिकतम तापमान भले धूप के कारण 18 डिग्री दर्ज किया गया हो, लेकिन अधिकांश समय दिन में तापमान इससे काफी कम था। बादलों के चलते शाम जल्दी ढल गई और शाम के समय अचानक तेज बूंदाबांदी के साथ ठंड बढ़ने से बाजारों में सन्नाटा पसर गया और लोग जल्द अपने घरों को लौट कर रिजाई की शरण लेते नजर आए। स्काइमेट वेदर के अनुसार आज सुबह दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान के निवासियों ने हल्की बिखरी हुई बारिश के साथ दिन की शुरूआत की। यह बारिश पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई है। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण का असरः पश्चिमी विक्षोभ ने पंजाब और हरियाणा पर एक चक्रवाती परिसंचरण को सक्रिय कर दिया है, जिससे इन राज्यों के अलावा दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में छिटपुट हल्की बारिश हो रही है। इस असमय बारिश से दिन के तापमान में काफी गिरावट आ सकती है। उत्तर पश्चिम के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 24 से 26 दिसंबर के बीच और अधिक गिरने की संभावना है। 27 दिसंबर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की उम्मीद है, जिससे न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ सकता है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और यूपी में 28 दिसंबर को एक ताजा बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरू हो सकता है। यह असमय बारिश फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि इससे मिट्टी में नमी का स्तर काफी बढ़ेगा। यह विशेष रूप से रबी की फसलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा करेगा, जिससे खेती पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

**दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूजा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पर सिविल सेवा परीक्षा में कथित धोखाधड़ी और ओबीसी-दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने का केस दर्ज है। पूजा खेडकर पर दिल्ली पुलिस की तरफ से आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अवैध रूप से ओबीसी और दिव्यांगता कोटा लाभ का दावा करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति चंदर धारी सिंह की पीठ ने 27 नवंबर, 2024 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इस बीच, अदालत ने अंतिम निर्णय होने तक खेडकर को दी गई अंतरिम सुरक्षा बढ़ा दी है। खेडकर ने अधिवक्ता बीना माधवन के माध्यम से कहा कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं और उन्होंने प्रस्तुत किया कि हिरासत में पूछताछ आवश्यक नहीं है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने विशेष लोक अभियोजक एडवोकेट संजीव भंडारी के माध्यम से अदालत को सूचित किया कि जांच जारी है, और बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता हो सकती है, साथ ही कहा कि साजिश के कुछ पहलुओं की अभी भी जांच की जानी चाहिए। पूजा ने पुणे के श्रीमती काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की।

## केंद्र ने आरटीई नियमों में किया संशोधन, राज्य अब कक्षा 5वीं और 8वीं में छात्रों को कर सकेंगे फेल

**नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसी)।** स्कूली शिक्षा में एक बड़ा बदलाव करते हुए केंद्र सरकार ने अपने द्वारा शासित स्कूलों में कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए 'नो-डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है, जो उन छात्रों को फेल करने की अनुमति देती है जो साल के अंत की परीक्षाओं में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं। 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) में संशोधन के बाद, कम से कम 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही दोनों कक्षाओं के लिए 'नो-डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है। एक गजट अधिसूचना के अनुसार, नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद, यदि कोई बच्चा समय-समय पर अधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है, "यदि पुनः परीक्षा में बैठने वाला बच्चा फिर से पदोन्नति के मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे पांचवीं कक्षा या आठवीं कक्षा में रोक दिया जाएगा, जैसा भी मामला हो। बच्चे को रोके रखने के दौरान, कक्षा शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो बच्चे के माता-पिता का मार्गदर्शन करेगा और मूल्यांकन के विभिन्न चरणों में सीखने के अंतराल की पहचान करने के बाद विशेष जानकारी प्रदान करेगा।"

हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, अधिसूचना केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित 3,000 से अधिक स्कूलों पर लागू होगी। "चूंकि स्कूली शिक्षा एक राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं।






## सुनील पाल और मुश्ताक खान का अपहरण करने वाला लवी पाल पुलिस से मुठभेड़ में घायल

**बिजनौर, 23 दिसम्बर (एजेंसी)।** कॉमेडियन सुनील पाल और अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण केस में मुख्य आरोपी लवी पाल को बिजनौर पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार किया है। लवी पाल पर 25 हजार का इनाम था। पुलिस की गोली पैर में लगने से बदमाश घायल हुआ है। पुलिस ने घायल रवि पाल को अस्पताल में भर्ती कराया है। बता दें कि अभिनेता मुश्ताक खान से फिरौती मांगने के मामले में आरोपी लवी पाल मुख्य आरोपी है। आरोपी के पास से पुलिस ने 35 हजार की नगदी व 315 बोर का तमंचा कारतूस बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी लवीपाल उर्फ सुशांत को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार बिजनौर थाना कोतवाली शहर के मंडावर रोड स्थित जैन फार्म के रास्ते पर हुई मुठभेड़ में आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है।

**मुश्ताक खान अपहरण कांड में नाकामी पर मेरठ एसओजी भंग**

**मेरठ।** कॉमेडियन सुनील पाल और अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण के मामले में एसएसपी मेरठ ने अपनी एसओजी टीम की नाकामी को देखते हुए उसे पूरी तरह से भंग कर दिया है।

**लवी पाल बोला- सुनील पाल की फिल्म में लगाए थे सात लाख**

**बिजनौर।** अपहरण कर फिरौती वसूलने वाले गिरोह के सरगना लवी उर्फ सुशांत ही नहीं, बल्कि पूर्व सभासद सार्थक उर्फ रिक्की की भी कलाकारों से नजदीकियां रही हैं। बॉलीवुड में घुसपैठ का यह सिलसिला म्यूजिकल नाइट शो से चालू हुआ था। लवी पाल अपनी पत्नी के साथ सुनील पाल की फिल्म कॉफी विद अलोन के प्रमोशन में भी शामिल हुआ था। इसके साथ ही लवी पाल मुंबई आता जाता रहता था। वहीं अरुण बख्शी भी कई बार बिजनौर आ चुके हैं। अब गिरफ्तार होने के बाद लवी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि कॉफी विद अलोन में उनका सात लाख रुपया लगा है।

